संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 23 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते हुए स्वीडन के वित्तिय मंत्री निकल्स।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 313 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'कांग्रेस में परिवारवाद हावी'

## कांग्रेस को इतनी बड़ी हार मिलने वाली है, सोचा भी नहीं होगाः पीएम मोदी

**राजस्थान का रण**

8 जनता ने मन बना लिया है, जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दे दिया है : पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/भीलवाड़ा**
**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोटड़ी में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने कहा कि जनता ने मन बना लिया है, जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दे दिया है। इसी के साथ कांग्रेस सरकार के जाने की उलटी गिनती भी शुरू हो गई है। राजस्थान का बच्चा-बच्चा कह रहा है, हर मां-बहन कह रही है, गांव, शहर और ढाणी के लोग कह रहे हैं कि गहलोत जी कोनी मिले वोट जी। भीलवाड़ा के लोग कह रहे हैं कि गहलोत जी वोट-वोट कहीं नामड़े। भाजपा के शीर्ष नेता नरेंद्र मोदी ने कहा कि भीलवाड़ा ने मुझे जब-जब बुलाया है तब तब मैं आया हूं। भीलवाड़ा ने मुझे बिना मांगे सब कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि भगवान देवनारायण पर आस्था रखने वाले सभी नौजवानों को कांग्रेस के दिल्ली के नेता चुनौती दे रहे हैं। वे कह रहे हैं कि गहलोत जी को फिर से सीएम बनाएंगे। दिल्ली के कांग्रेस के नेताओं का अहंकार देखिए। जिसने परिवार के सामने कुछ भी बोला, वो मरा समझो पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों को कांग्रेस का इतिहास मालूम है। कोई भी कांग्रेस में सच बोले और सच बोलने के कारण इस परिवार को अगर थोड़ी सी भी असुविधा हो जाए, थोड़ा भी अगर चुभ जाए तो मान लेना कि उसकी राजनीति तो गड्ढे में गई। पूरे कांग्रेस में जिस-जिस ने परिवार के सामने कुछ भी बोला, वो मरा समझो। राजेश पायलट जी ने एक बार कांग्रेस के परिवार को उसकी भलाई के लिए चुनौती दी थी, एक बार। फिर वे भी झुक गए थे। लेकिन ये परिवार ऐसा है कि राजेश जी को तो सजा दी, उसके बेटे को भी सजा देने में पड़े हुए हैं। राजेश पायलट तो नहीं रहे, लेकिन उसकी जो लड़ाई है जो खुन्नस है। वह बेटे पर भी निकाल रहे हैं। कांग्रेस तबाह हो जाए, लेकिन जो परिवार के खिलाफ जो आवाज उठाएगा उसको तो बर्बाद करके ही रहेंगे।

### 'अब कभी भी सीएम नहीं बन पाएंगे गहलोत'




पीएम मोदी ने कहा कि मैं इस तपोस्थली पर कांग्रेस को डंके की चोट पर कहता हूं, आप सब के आशीर्वाद से कहता हूं, माताओं-बहनों के समर्थन से कहता हूं कि राजस्थान में कांग्रेस को इतनी बड़ी हार मिलने वाली है कि कांग्रेसियों ने इसके बारे में सोचा भी नहीं होगा। इस बार उनके बड़े-बड़े दिग्गज भी बोरिया-बिस्तर लेकर घर जाने को मजबूर होने वाले हैं। पीएम ने कहा कि बांसवाड़ा में मैंने घोषणा की है कि अब राजस्थान में इस बार तो नहीं कभी भी गहलोत जी के नेतृत्व में कांग्रेस जिंदा नहीं हो सकती। न गहलोत जी अब कभी मुख्यमंत्री बन पाएंगे, इस बार नहीं कभी भी नहीं बन पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भीलवाड़ा के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे यहां कांग्रेस सरकार में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ा है।

### 'भारत माता का धन किसके हाथ जा रहा है'

टीम एक्शन इंडिया/धौलपुर
राजस्थान के धौलपुर के राजाखेड़ा में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा की सभाओं में भारत माता की जय की जाती है। जैसे मैं बोलूं भारत माता की तो सब लोग भारत माता की जय करते हैं। मगर ये भारत माता जो है, ये है क्या। ये भारत की जनता है। जब हम भारत माता की जय करते हैं तो हम भारत माता की जनता की जय करते हैं, आपके माता-पिता, उनके माता-पिता हम सब की जय करते हैं। उन्होंने सभा से पूछ कि सही बात। भारत माता में आज सबसे बड़ा सवाल है कि सोने की चिड़िया में किसकी कितनी भागीदारी है। राहुल गांधी ने कहा कि सोने की चिड़िया धन पैदा करती है। सवाल ये है कि आज इस देश में धन को कैसे बांटा जा रहा है, किसके हाथ जा रहा है। क्या सचमुच में हिंदुस्तान का धन भारत माता की जनता के हाथ में जा रहा है या फिर भारत माता का धन चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है।

### कांग्रेस की सात गारंटियों के लिए लोगों के पास जा रहे थे कॉल



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** निर्वाचन विभाग ने कांग्रेस को 7 गारंटियों के रिकॉर्डेड विज्ञापन को तुरंत रोकने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने आमजन को वॉयस कॉल के जरिए गारंटियों के बारे में बताना और उनसे रजिस्ट्रेशन करवाने के विज्ञापन को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में माना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष/महासचिव के नाम भेजे नोटिस में लिखा कि राज्य स्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति के संज्ञान में आया है कि आपके राजनीतिक दल ने अपने चुनाव-प्रचार से संबंधित 2 क्श्फ्र/डश्ऊ संदेश राज्य स्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से प्रसारण प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना प्रसारित किए जा रहे हैं।






यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा अलवर के सांसद व तिजारा से भाजपा उम्मीदवार महंत बालकनाथ के समर्थन में की। तिजारावासियों ने मोबाइल की लाइट जलाकर योगी आदित्यनाथ का अभूतपूर्व स्वागत किया।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिन्द' के लिए भारतीय जवान रवाना

**नई दिल्लीः** भारत और ऑस्ट्रेलियाई सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिन्द' पर्थ में होगा। इसमें भाग लेने के लिए 81 कर्मियों वाला भारतीय सशस्त्र बल दल आज ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुआ। भारतीय सेना के दल में गोरखा राइफल्स की एक बटालियन के 60 जवान शामिल हैं।
रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की ओर से भारतीय नौसेना का एक अधिकारी और भारतीय वायु सेना के 20 कर्मी भी भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई दल में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना के 20-20 कर्मी शामिल होंगे।

# मजदूरों तक पहुंचने वाली है एस्केप टनल



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
उत्तरकाशी सुरंग हादसे में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए जारी रेस्क्यू ऑपरेशन अब अपने आखिरी पड़ाव है। उम्मीद की जा रही है बुधवार रात या फिर गुरूवार सुबह तक मजदूरों को सही सलामत बाहर निकाल लिया जाएगा।
**श्रमिकों तक पहुंचने वाली है एस्केप टनलः** सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। रेस्क्यू अभियान के लिए बनाई जारी एस्केप टनल श्रमिकों तक पहुंचने वाली है। श्रमिकों को रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाने के लिए 25 एंबुलेंस पहुंच चुकी है। 20 एम्बुलेंस देहरादून से उत्तरकाशी के लिए शाम करीब 4:00 बजे रवाना हुई, जो उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ पहुंचने वाली है।
**श्रमिकों की सलामती के लिए व्यापारियों ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चनाः** सिलक्यारा में आलवेदन रोड सुरंग में फंसे 41 मजदूरों की सलामती के लिए व्यापारियों ने समीप के हनुमान मंदिर में श्रमिकों की सलामती के लिए पूजा-अर्चना की। व्यापारियों ने खुशी जताई की सभी एजेंसियों ने समन्वय बनाकर स्कैब सुरंग बनाने में लगभग कामयाबी की ओर बढ़ गए हैं। उम्मीद है कि गुरुवार को सभी श्रमिक सकुशल बाहर निकाल लिए जाएंगे।
**कांग्रेस नेता ने सरकार पर साधा निशानाः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन सिंह माहरा ने कहा कि रेस्क्यू अभियान में सरकार की कमी उजागर हुई है। इस घटना को जिस तरह से गंभीरता से लिया जाना चाहिए था। सरकार ने उस गंभीरता से नहीं लिया। करन सिंह माहरा ने कहा कि सरकार अगर गंभीर होती तो उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री घटना के 10 दिन बाद आने के बजाय पहले दिन ही यहां पहुंच जाते।

**रेस्क्यू ऑपरेशन**

8 बुधवार रात या फिर गुरूवार सुबह तक मजदूरों को सही सलामत बाहर निकाल लिया जाएगा

# 'आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट'





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिकता विश्व समुदाय को भारत की अमूल्य भेंट है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में समय-समय पर महान आध्यात्मिक विभूतियों ने सदाचार, करुणा और परोपकार का संदेश प्रसारित किया है। राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के 42वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पुट्टपर्थी के क्षेत्र को पवित्र किया। उनके आशीर्वाद से देश-विदेश के करोड़ों लोग लाभान्वित होते रहे हैं और आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों की शिक्षा की अवधारणा हमारी महान परंपराओं को जीवंत बनाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। प्रत्येक छात्र में सत्य, सदाचार, शांति, स्नेह और अहिंसा के मूल्यों को विकसित करना समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि श्री सत्य साईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को मौलिक महत्व देता है।

**आध्यात्मिकता**

8 सदाचार, शांति, स्नेह और अहिंसा के मूल्यों को विकसित करना समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है : राष्ट्रपति

# आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्यः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जी20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया चुनौतियों से भरी है। इसमें आपसी विश्वास ही है जो हमें बांधता है, एक-दूसरे से जोड़े रखता है। जब मैंने इस वर्चुअल समिट का प्रस्ताव रखा था, तब मुझे पूवार्नुमान नहीं था कि आज की वैश्विक स्थिति कैसी होगी। पश्चिमी एशिया क्षेत्र में अस्थिरता और असुरक्षा की स्थिति हम सब के लिए चिंता का विषय है। आज हम सभी का एक साथ आना इस बात का प्रतीक है कि हम सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं और इनके समाधान के लिए एक साथ खड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम मानते हैं कि आतंकवाद हम सभी को अस्वीकार्य है। नागरिकों की मौत कहीं भी हों निंदनीय है। आज हुए बंधकों की रिहाई के समाचार का हम स्वागत करते हैं। मानवीय सहायता का समय से और निरंतर पहुंचना आवश्यक है। ये सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इस्राइल और हमास की लड़ाई किसी तरह का क्षेत्रीय रूप धारण न कर ले। हमें उम्मीद है कि सभी बंधकों को जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा।



**मानवीय सहायता**

8 आज की दुनिया चुनौतियों से भरी है। इसमें आपसी विश्वास ही है जो हमें बांधता है, एक-दूसरे से जोड़े रखता है

ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगीः पीएम
उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के विश्व को आगे बढ़ते हुए ग्लोबल साउथ की चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगी। ग्लोबल साउथ के देश ऐसी अनेक कठिनाइयों से गुजर रहे हैं, जिनके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं।

# राजोरी में मुठभेड़ः सुरक्षाबलों ने आतंकी मार गिराया, दो जवान शहीद

**टीम एक्शन इंडिया/राजोरी**
**जम्मू** संभाग के जिला राजोरी के बाजीमाल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। माना जा रहा है कि जंगलों से घिरे इस इलाके में दो से तीन आतंकवादियों छिपे हैं।
पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान बलिदान हो गए और दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, सुरक्षाबलों ने यहां एक आतंकी को मार गिराया है।

8 मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और एक जवान बलिदान हो गए और दो जवान घायल हुए हैं

# परालीः पंजाब में सख्ती के बावजूद नहीं रुक रहे किसान

**थम नहीं रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/फिरोजपुर**
सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही है। पंजाब सरकार ने पराली जलाने वाले किसानों पर सख्ती तो बरतनी शुरू दी है, लेकिन इसके बाद भी पराली जलने की घटनाओं पर रोक नहीं लगा पा रही है। ऐसा ही आज फरीदकोट-फिरोजपुर रोड पर देखा गया, जहां किसानों द्वारा पराली में आग लगाई गई। बता दें कि मंगलवार को भी प्रदेश में 513 जगहों पर किसानों ने पराली को आग लगाई।
**प्रदेश में अब तक 35,606 पराली जलाने की घटनाएंः** पंजाब सरकार की परेशानी यह है कि एक तरफ किसान संगठन पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किए जा एफआईआर और राजस्व रिकार्ड में रेड एंट्री को लेकर विरोध पर उतर आए हैं। वहीं, एनजीटी ने तो पराली जलने की घटनाओं को प्रशासनिक असफलता बता दिया है। पंजाब में अभी तक 35,606 पराली को आग लगाने की घटनाएं हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पूरी सरकार आग लगने की घटनाओं को रोकने पर उतर आई।



8 फरीदकोट-फिरोजपुर रोड पर पराली जलाने का वीडियो आया सामने, कारण बताओ नोटिस जारी

**शपथ ग्रहण**

## सरकार की नीतियों-कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में कर्मचारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

# वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारी, महिला तथा किसान हितैषी सरकारः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने में सचिवालय कर्मचारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारी, महिला तथा किसान हितैषी सरकार है। प्रदेश में वर्तमान सरकार के गठन के बाद जनकल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए गए। प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों के प्रति मानवीय एवं सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके लिए पुरानी पैंशन योजना को लागू किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि ओपीएस लागू करना संवेदनशील सरकार का संवेदनशील फैसला है तथा यह निर्णय किसी राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखते हुए नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की राज्य के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। लम्बे समय तक सेवाएं देने के उपरांत यदि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरांत निश्चित आय का साधन न हो तो वे सम्मान से जीवनयापन नहीं कर सकते हैं।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सचिवालय मिनी हिमाचल है जहां सभी जिलों की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि सचिवालय में कार्यरत सभी कर्मचारी हमारे परिवार के सदस्य हैं तथा उन्हें हिमाचल की जनता की आशाओं के अनुरूप कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद वह बालिका आश्रम टूटीकंडी गए तथा अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरंभ करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि 11 माह के कार्यकाल में वर्तमान सरकार की यह पहली प्रमुख योजना है। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है, जिसमें 27 वर्ष की आयु तक उनकी देख-रेख, उच्च शिक्षा, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा गृह निर्माण आदि के लिए राज्य सरकार सहायता प्रदान कर रही है।



**अहम भूमिका**

8 सचिवालय कर्मचारी संगठन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री सुक्खू

# पुरानी पेंशन को रक्षा कर्मियों का भरपूर समर्थन

**घेरने की तैयारी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**'पुरानी** पेंशन बहाली' को लेकर केंद्र सरकार के रक्षा विभाग (सिविल) में कर्मचारियों का जबरदस्त समर्थन मिला है।
सरकार द्वारा 'पुरानी पेंशन' बहाल नहीं की जाती है, तो रक्षा विभाग के करीब चार लाख कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य और एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, अनिश्चितकालीन हड़ताल के बारे में रेलवे और डिफेंस कर्मियों का मत जानने के लिए 20 और 21 नवंबर को स्ट्राइक बैलेट कराया गया था। इसमें डिफेंस की 400 यूनिटों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। लगभग 99.9 फीसदी कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में मत दिया है।
**दो दिन तक हुई है वोटिंगः** केंद्र सरकार में 15 लाख कर्मियों की संख्या वाले दो बड़े महकमे, रेलवे और डिफेंस (सिविल) में सोमवार को 'पुरानी पेंशन' की मांग पर राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने के लिए वोटिंग कराई गई। 20 और 21 नवंबर को 400 डिफेंस यूनिट, 7349 रेलवे स्टेशन, मंडल व जोनल दफ्तर, 42 रेलवे वर्कशॉप और सात रेलवे प्रोडेक्शन यूनिटों पर स्ट्राइक बैलेट के तहत वोट डाले गए हैं। रेलवे कर्मियों का रिजल्ट आना बाकी है।



8 'पुरानी पेंशन' बहाल नहीं की जाती है, तो चार लाख कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं

# जीरो ड्रॉप-आउट राज्य बनाने के लिए सीएम ने उठाया बीड़ा

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पीपीपी डाटा में दर्ज 6 से 18 वर्ष आयु के बच्चों को ट्रैक करने के दिए निर्देश

**पहल**

**8 जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पीपीपी डाटा में दर्ज 6 से 18 वर्ष आयु के बच्चों को ट्रैक करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अब सरकार ने हरियाणा को जीरो ड्रॉप-आउट राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पीपीपी डाटा में दर्ज 6 से 18 वर्ष आयु के बच्चों को ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि यदि कोई बच्चा किसी सरकारी या निजी स्कूल, गुरुकुल, मदरसे या कदम स्कूल (स्पेशल ट्रेनिंग सेंटर) इत्यादि में नामांकित नहीं है, तो उसे शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयास किए जा सकें।

मुख्यमंत्री आज यहां जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि हर बच्चा स्कूली शिक्षा ग्रहण करे, यही सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है। बच्चे अच्छे नागरिक बनें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इसके लिए बच्चों और शिक्षक का अनुपात सही होना चाहिए।

**एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित स्कूलों के लिए बच्चों को प्रदान की जाएगी परिवहन सुविधा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ हर प्रकार से उनकी चिंता कर रही है, ताकि उनकी नींव मजबूत बन सके। इसलिए बच्चों को स्कूल तक आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सरकार ने योजना बनाई है। गांव से 1 किलोमीटर की दूरी से अधिक पर स्थित स्कूलों में आने-जाने के लिए सरकार की ओर से बच्चों को परिवहन की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक स्कूल में एक शिक्षक को स्कूल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर के रूप में नामित किया जाए, जिसका कार्य ऐसे बच्चों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा, जिन्हें परिवहन सुविधा की आवश्यकता है।

### 'अप्रवासी परिवारों के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाएगा'

**मुख्यमंत्री** ने ऐसे बच्चों को बड़ी राहत देते हुए कहा कि राज्य के स्कूलों में दाखिला ले चुके ऐसे अप्रवासी परिवारों के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए माता-पिता को केवल बच्चे की जन्म तिथि के लिए नोटरी से सत्यापित एफिडेविट डीईओ को प्रदान करना होगा, जिस पर हेड टीचर काउंटर हस्ताक्षर करेगा। यह दस्तावेज अतिरिक्त जिला उपायुक्त के पास प्रस्तुत किया जाएगा और आधार कार्ड बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुरूप बचपन से ही बच्चों की बुनियाद सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने 4 हजार आंगनवाड़ियों को बाल वाटिका में परिवर्तित किया है, जहां बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान की जा रही है। अब राज्य सरकार की यह योजना है कि जो बाल वाटिकाएं स्कूल परिसर में स्थित हैं, उनकी जिम्मेवारी स्कूल की होगी, ताकि बच्चों को और बेहतर शिक्षा मिल सके।

# हरियाणा सेवा अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त ने किया जनसंवाद

## लोगों को समयबद्ध सेवाएं देने के लिए सेवा का अधिकार अधिनियम लागू : टीसी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सेवा अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टी.सी. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को समयबद्ध सेवाएं देने के लिए सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया है। अगर कोई भी अधिकारी सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा में लोगों को सेवाएं देने में असफल रहता है तो न केवल उस अधिकारी पर जुमार्ना लगाया जाएगा बल्कि बार-बार ऐसा होने पर विभागीय कार्यवाही की सिफारिश भी की जाएगी।

गुप्ता आज नारनौल में जन संवाद व हरियाणा सेवा अधिकार कार्य की अधिसूचना में अधिसूचित सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ऑटो अपील प्रणाली

**अपील प्रणाली**

**8 अब अगर निर्धारित समय पर काम नहीं होगा तो ऑटो अपील प्रणाली के तहत अपने आप अपील हो जाएगी**

(आस) के लाभार्थियों से बातचीत भी की। इन नागरिकों ने सरकार की इस प्रणाली की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार ने हरियाणा सेवा अधिकार आयोग का गठन करके कार्यालयों में वर्क कल्चर में बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मामले में बहुत ही संजीदा है। पूरे प्रदेश में जनसंवाद कार्यक्रमों के जरिए अब तक 36 हजार आवेदन आए हैं जिनमें 4500 जिला महेंद्रगढ़ से आए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य जल्दी हो सकते हैं उन्हें तुरंत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा में सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया हुआ है। इसके तहत प्रदेश में 655 तरह की सेवाओं व योजनाओं को अब तय समय में देना जरूरी है।

अब अगर निर्धारित समय पर काम नहीं होगा तो ऑटो अपील प्रणाली के तहत अपने आप अपील हो जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी नरेंद्र पाल मालिक ने सरकार द्वारा अधिसूचित की गई सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

**न्यूज फ्लैश**

### हरियाणावासियों का हक मार रही है भाजपा सरकार: अभय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बाहरी लोगों (गैर-हरियाणवी) ने हरियाणा प्रदेश पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है और यह सब आरएसएस और भाजपा द्वारा एक सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ऑफिस से लेकर ज्यादातर आयोग, कमीशन, बोर्ड, युनिवर्सिटीज, एजी ऑफिस और ज्यादातर तमाम संवैधानिक एवं गैर संवैधानिक पदों समेत सरकारी नौकरियों के उच्च पदों पर बाहरी लोगों (गैर-हरियाणवी) को नियुक्त करके हरियाणावासियों का हक मारा जा रहा है। जिन हरियाणवियों ने शिक्षा से लेकर विज्ञान, चिकित्सा, खेल, वित्तीय प्रबंधन, वैज्ञानिक प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन समेत कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का डंका बजवाया हो आज उन्ही हरियाणवियों को इस काबिल भी नहीं समझा जा रहा कि इन महत्वपूर्ण पदों पर उनकी नियुक्ति करके प्रदेश को आगे ले जाया जा सके। अभय सिंह चौटाला ने एक बार फिर भाजपा सरकार द्वारा एचईआरसी के चेयरमैन के पद पर हिमाचल प्रदेश के निवासी नंदलाल शर्मा की नियुक्ति पर सवालिया निशान लगा कर हमला बोला और कहा कि हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेवराज महाजन, हरियाणा हायर एजुकेशन काउंसिल के चेयरमैन बीके कुठियाला जो माखनलाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी का कुलपति रहते भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के आरोपी और एचपीएससी के चेयरमैन आलोक वर्मा जो पहले से ही गंभीर अनियमितताओं के आरोपी हैं, कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं जो बाहरी लोग (गैर-हरियाणवी) हैं और जिन्हें दागी होते हुए भी अति महत्वपूर्ण पदों पर बैठा रखा है। उन्होंने कहा कि ऐसी ही स्थिति कमोबेश सरकारी नौकरियों में भी है। भाजपा-जेजेपी सरकार सरकारी नौकरी की सभी भर्तियों में हरियाणवी युवाओं की अनदेखी कर रही है और बाहरी लोगों (गैर-हरियाणवी) को नौकरी में प्राथमिकता दे रही है। बाहरी लोगों (गैर-हरियाणवी) को सरकारी नौकरी देने की शुरूआत भूपेंद्र हुड्डा ने मुख्यमंत्री रहते की थी जिसे अब भाजपा गठबंधन सरकार और भी बड़े स्तर पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जितने भी बाहरी लोग हैं वो सभी आरएसएस के लोग हैं और भाजपा सरकार के संरक्षण में जम कर लूट मचा रहे हैं। इतना तो मोहम्मद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को नहीं लूटा था जितना आरएसएस और भाजपा के लोग हरियाणा प्रदेश को लूट रहे हैं।

### हाईकोर्ट की निगरानी में हो मिलर्स की फिजिकल वेरिफिकेशन: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि 23.57 करोड़ का चावल जमा नहीं कराने पर 04 मिलर्स की प्रॉपर्टी अटैच करना सिर्फ दिखावा है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नाक के तले अफसर व राइस मिलर्स हर साल करोड़ों रुपये के चावल घोटाले को अंजाम देते आ रहे हैं। साल 2014 में भाजपा की सरकार बनने से साल 2021 तक ही 200 करोड़ का चावल घोटाला सामने आ चुका था। इसलिए तमाम मिलर्स की फिजिकल वेरिफिकेशन हाई कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि करनाल जिले के 04 मिलर्स के खिलाफ दिखावा मात्र के लिए कार्रवाई की जा रही है। इन्होंने धान खरीद का एक साल बीतने के बाद भी 23.57 करोड़ रुपये का चावल वापस सरकार को जमा नहीं करवाया। जबकि, नियमों को ताक पर रखते हुए सरकार के दबाव में ही अफसर भी बार-बार इसे जमा कराने का समय बढ़ाने का खेल खेलते रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से साल 2021 के बीच 200 करोड़ रुपये का चावल मिलर्स जमा कराने में विफल रहे।

यह चावल भी अफसरों व मिलर्स की मिलीभगत और सरकार में बैठे लोगों के आशीर्वाद के चलते घोटाले की भेंट चढ़ गया। सरकार ने सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं किया। इस साल इसी पैटर्न पर 23 करोड़ से अधिक के घोटाले को अंजाम दे दिया गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले दिनों विभिन्न योजनाओं के तहत आंगनबाड़ी, स्कूल आदि में बांटे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल के 111 सैंपल फेल हो गए थे। एक भी सैंपल निर्धारित मानक पर खरा नहीं पाया गया। सैंपल की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस चावल को फोर्टिफाइड किया ही नहीं गया।

# डीबीटी योजनाओं को पीपीपी से जोड़ कर संचालित किया जाए: संजीव कौशल

## किसानों को धान की बुआई के लिए सब्सिडी जल्द जारी की जाए, सुशासन दिवस पर होगा जन सहायक एप लांच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न विभागों की 83 योजनाओ में से 74 योजनाएं का लाभ देना डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है और इन्हें आधार कार्ड से भी जोड़ा गया है। इन योजनाओं को परिवार पहचान पत्र से संचालित किया जाए। मुख्य सचिव कौशल एडवाईजरी बोर्ड की तीसरी बैठक में डीबीटी योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त एवं योजना विभाग अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य विभाग आनन्द मोहन शरण, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. जी अनुपमा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, निदेशक खाद्य एवं पूर्ति विभाग मुकुल कुमार सहित योजना विभाग के कई



वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2014-15 से 2022 -23 तक राज्य सरकार ने कुल 3,674,833 अयोग्य/ डुप्लीकेट लाभार्थियों की सफलतापूर्वक पहचान की । इस रणनीतिक पहल के परिणाम स्वरूप 7822करोड़ 69 लाख रुपए की नोशनल बचत हुई है। राज्य ने अब तक अपने कल्याण कार्यक्रमों में यह उल्लेखनीय बचत हासिल की है। मुख्य सचिव ने कहा कि कौशल विकास, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, कृषि, आयुष विभाग की 9 योजनाएं

**प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड**

**8 डिजिटाईजेशन कर उन्होंने जनसहायक एप एवं उमंग प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड लाने के लिए डेटा अपलोड करने के भी निर्देश दिये**

डीबीटी में शामिल नहीं की गई हैं। इन्हें भी एक सप्ताह में डीबीटी में शामिल किया जाए ताकि राज्य की सभी योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया जाना सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा सभी योजनाएं परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ही संचालित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक 26 विभागों ने 141 डीबीटी योजनाएं राज्य डीबीटी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई हैं। इन 141 योजनाओं में 83 राज्य योजनाएं एवं 58 केंद्र प्रायोजित योजनाएं (सीएसएस) शामिल हैं। कौशल ने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन कर उन्होंने जनसहायक एप एवं उमंग प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड लाने के लिए डेटा अपलोड करने के भी निर्देश दिये। इसके माध्यम से ऑनलाईन एप्लाई, आवेदन का कम्प्युट्राईज प्रोसेस और सीधे प्रार्थी के खाते में भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस पर 25 दिसम्बर को जन सहायक एप को रिलांच किया जा रहा है। इसके बाद कॉमन सर्विस सेंटर पर चल रही सभी योजनाएं जन सहायक एप के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कौशल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए पराली के प्रबंधन के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को तुरंत सब्सिडी देने का भी आग्रह किया।

# कृषि मंत्री जेपी ने राज्यपाल देवव्रत से ऑर्गेनिक खेती को लेकर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**हरियाणा के** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ऑर्गेनिक खेती को लेकर चर्चा की। जे पी दलाल अहमदाबाद में विश्व मत्स्य दिवस पर दो दिवसीय ग्लोबल फिशरीज कॉन्फ्रेंस इंडिया 2023 में हिस्सा लेने के लिए गुजरात के दौरे पर हैं। जे पी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार किसानों को ऑर्गेनिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है और किसान भी सरकार का भरपूर सहयोग कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा ऑर्गेनिक खेती के डेमोंसट्रेशन फॉर्म भी तैयार करवाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक किसानों को ऑर्गेनिक खेती की जानकारी, उत्पादन की तकनीक और उपज की विस्तार से जानकारी दी जा सके।

**साबरमती गांधी आश्रम का किया दौरा:** ग्लोबल फिशरीज कॉन्फ्रेंस इंडिया 2023 में हिस्सा लेने उपरांत जे पी दलाल ने साबरमती गांधी आश्रम का भी दौरा किया और गुजरात की संस्कृति एवं विरासत को करीब से जाना। उन्होंने आश्रम में चरखा भी चलाया। उनका यह अलग अंदाज अन्य आगंतुकों भी भाया। उन्होंने कहा कि भारत देश विविधताओं का देश है। सभी राज्यों की अलग-अलग संस्कृति एवं खान-पान है, आज यहां आकर गुजरात की संस्कृति को जानने का अवसर मिला, यह सौभाग्य की बात है। जे पी दलाल ने साबरमती गांधी आश्रम की प्रबंधन समिति को हरियाणा आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन होने वाला है, जहां हरियाणा की भव्य संस्कृति एवं समृद्धि विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

### खालिस्तान टेरर फंडिंग मामले में यमुनानगर में एनआईए की रेड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**खालिस्तान** टेरर फंडिंग पर एनआईए लगातार नजर बनाए है। ऐसे ही एक मामले को लेकर एनआईए टीम ने बुधवार को यमुनानगर में छापेमारी की है। एनआईए टीम ने यह रेड गुरु नानक खालसा कॉलेज रोड स्थित मेजर सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर की। इस दौरान टीम ने परिवार के लोगों से पूछताछ की, यहां तक पूरे घर में सर्च अभियान भी चलाया गया। जानकार सूत्रों के अनुसार एनआईए ने जिस घर पर छापेमारी की उस घर का एक रिश्तेदार अमेरिका में रहता है। जो किसी मामले में वांटेड बताया जा रहा है।

# प्रदेश सरकारें पर्यावरण संरक्षण पर सामूहिक प्रयास करें: बबली

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने मीडिया हाउस द्वारा आयोजित हवा बदलो कार्यक्रम परिचर्चा में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में मजबूती से कदम उठाए हैं और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में जागरुक कर उन्हें उचित प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप पिछले वर्षों की तुलना में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली नई दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर रखे गए हवा बदलो कार्यक्रम की परिचर्चा में हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को वायु प्रदूषण पर सियासत नहीं करनी चाहिए और सबके सहयोग से पर्यावरण संरक्षण कार्य करने पर जोर देना चाहिए। हरियाणा सरकार पर्यावरण विषय पर गंभीर है और इसके संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 13 लाख किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन



के रूप में दी गई है। वहीं 2 लाख 50 हजार एकड़ भूमि पर डी-कंपोजर छिड़काव से फसल अवशेष का प्रबंधन किया है। इथेनॉल प्लांट लगाने और पराली का ऊर्जा में उपयोग करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने पर प्रोत्साहित किया गया है। अगर किसी गांव में पराली जलाने की एक भी घटना नहीं होती है तो उस गांव की पंचायत को वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है। प्रदेश के 147 गांवों में पराली जलाने की घटनाए बढ़ने पर सख्त कार्यवाई की गई है।

# बदमाशों से परेशान मां-बेटी को गृह मंत्री विज का सहारा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आजकल बंद है, मगर इसके बावजूद उनके आवास पर अब प्रतिदिन प्रदेशभर से आ रहे लोगों की कतारें लग रही हैं। बुधवार को भी सैकड़ों लोगों की समस्याओं को गृह मंत्री अनिल विज ने सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

यमुनानगर से आई मां-बेटी ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि वह दोनों घर में अकेली रहती है और कुछ बदमाश उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और उन्हें मारने की धमकियां तक देते हैं। उनके द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री अनिल विज ने मां-बेटी को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि मैं बैठा हूं कार्रवाई के लिए, बदमाशों को सीधा करना मुझे आता है। उन्होंने कहा कि वह निश्चित होकर अपने शहर जाए, बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार, पानीपत से आए व्यक्ति ने बताया कि उसने अपने बेटे को अमेरिका भेजना था और इसके लिए उसने एक व्यक्ति ने संपर्क किया जोकि स्वयं को एक एयरलाइन कंपनी का एजेंट बता रहा था। उसने आश्वासन दिया था कि वह उनके बेटे को अमेरिका में

**जनसुनवाई**

**8 विज बोले 'मैं बैठा हूं कार्रवाई के लिए, बदमाशों को सीधा करना मुझे आता है'**

भिजवा देगा। इस कार्य के लिए उस व्यक्ति ने अलग-अलग तारीखों में 42 लाख रुपए भी लिए मगर इसके बाद न उनका बेटा विदेश गया और न ही उन्हें पैसे वापस मिले। गृह मंत्री ने इस मामले में कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, चरखी-दादरी से आए सैनिक ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उसकी नई गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था।

एक युवक ने खुद को बीमा कंपनी का एजेंट बताकर उनकी कार ले ली और इसके बाद उनकी गाड़ी लेकर वह दिल्ली व अन्य स्थानों पर चला गया जहां गाड़ी का चालान हो गया। इतना ही नहीं गाड़ी के मालिक पर एक मुकदमा भी पुलिस ने दर्ज किया। अब उसे पता चला तो उन्होंने युवक के खिलाफ शिकायत दी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# पंचकूला में विरोध प्रदर्शन के दौरान अब नहीं होंगे रास्ते बंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंचकूला** में अब विरोध प्रदर्शन के दौरान रास्ते अवरुद्ध नहीं होंगे। आवागमन में लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। रास्ते अवरुद्ध होने से रोकने के लिए पंचकूला प्रशासन ने योजना तैयार की है। पंचकूला निवासी डॉ. नीतू बजाज व अन्य ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में चंडीगढ़-पंचकूला सीमा पर जाम रास्ते को खोलने का आदेश देने का आग्रह किया था। डीसी पंचकूला के जवाब पर हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया है। चंडीगढ़-पंचकूला सीमा पर ई-टेंडरिंग का विरोध करते हुए

**खाका तैयार**

**8 रास्ते अवरुद्ध होने से रोकने के लिए पंचकूला प्रशासन ने योजना तैयार की है**

सरपंच और पंचायत सदस्यों द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर पंचकूला उपायुक्त की तरफ से हलफनामा दायर कर योजना के जानकारी दी गई। इस जानकारी के बाद हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। कोर्ट को बताया गया था कि एडीसी की अगुवाई में एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसने भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। पंचकूला पुलिस कमिश्नर ने उस रिपोर्ट पर अपनी राय देकर डीजीपी को भेज दिया था। भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कार्ययोजना का तैयार की जा चुकी है। हाई कोर्ट ने सरकार से कहा था कि यह तो एक मुख्य मार्ग का मामला था, पंचकूला प्रशासन को शहर के अन्य मार्गों पर भी अवरोध न होने देने के लिए ध्यान रखना चाहिए।

# व्यापार मेले में हरियाणा की स्टार्ट अप पॉलिसी दिखा रही रंग

## स्टार्ट अप आम आदमी को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से निजात दिलाने के साथ ही ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाने में भी मददगार साबित होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**युवाओं** के स्वरोजगार और उनके स्वावलंबन से जुड़ी हरियाणा सरकार की स्टार्ट अप योजना अब रंग दिखाने लगी है। प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ उठा कर हरियाणा के युवा अब एंटरप्रेन्यूर बनने की राह में अपने कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया कैंपेन को बढ़ावा देने के मकसद से शुरू की गई इस योजना की सफलता की मिसाल अब हरियाणा के कई युवा बन कर सामने आ रहे हैं। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर ( आईआईटीएफ) 2023 में




हरियाणा से जुड़े कई ऐसे स्टार्टअप्स को जगह दी गई है जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से एमएसएमई से जुड़े छोटे व्यवसायियों ने हिस्सा लिया । इनका स्टार्ट अप आम आदमी को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से निजात दिलाने के साथ ही ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाने में भी मददगार साबित होंगे । इसके साथ ही स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने में मदद करेगा ।

**स्वावलंबन**

**8 योजना का लाभ उठा कर हरियाणा के युवा अब एंटरप्रेन्यूर बनने की राह में अपने कदम बढ़ा रहे**

**आपदा को अवसर में बदलकर किया स्टार्ट अप शुरू:** हरियाणा मंडप में आधुनिक तकनीक से बनी ई-साइकिल को भी शामिल किया गया है जो स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण सहजने में भी मददगार होगी। हरियाणा में बने ई-साइकिलिंग का यह प्रोजेक्ट स्टार्ट अप विकास यादव लेकर आए हैं।

विकास इससे पहले जापान की राजधानी टोक्यो में बहुचर्चित कंपनी टेस्ला में नौकरी कर चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान उनकी नौकरी चली गई,जिसके बाद भारत लौटकर उन्होंने अपने गृह स्थान हरियाणा के रेवाड़ी में अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करने की ठानी।

**तीन समस्याओं का एक समाधान:** उस समय के हालात और आम जनमानस के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्होंने ई-साइकिल बनाने का निश्चय किया । मेक इन इंडिया के स्लोगन से प्रेरित होकर विकास ने मेक इन हरियाणा को अपना लक्ष्य बनाया।

# अम्बेडकर भारतीय संविधान के रचनाकार: पूज्य साधु मुनिवत्सल दास

## डॉ. अम्बेडकर ने स्वतंत्र एवं स्वावलम्बी आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अक्षरधाम, नई दिल्ली के पूज्य साधु मुनिवत्सल दास जी ने कहा कि राष्ट्र में समरसता का भाव लाने में डॉ. अम्बेडकर का पुरुषार्थ था जिन्होंने दलित एवं आमजन के उत्थान के लिए सुदृढ़ सामाजिक न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए भारतीय संविधान का निर्माण किया। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के रचनाकार एवं सूत्रधार थे तथा वे समाज के पिछडे, अस्पृश्य एवं दलितों के उत्कर्ष के लिए आगे आए। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र तथा बीएपीएस स्वामी नारायण शोध संस्थान, अक्षरधाम, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ह्यडॉ. बीआर अम्बेडकर: भारतीय संविधान के निमार्ताह्न विषय पर आयोजित दो



दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि पूज्य साधु मुनिवत्सल दास जी, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, विशिष्ट अतिथि कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्री कृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव, मुख्य वक्ता डॉ. शिव पूजन पाठक डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्र के निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद तथा कार्यक्रम के संयोजक, केन्द्र के सहायक निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

पूज्य साधु मुनिवत्सल दास जी ने कहा कि समाज की न्यायिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भारतीय संविधान राष्ट्र का ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के मन में आध्यात्मिक एवं धर्म चिंतन के द्वारा ही समता, योग्य न्याय का भाव आया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को स्थापित करने में धर्म और अध्यात्म का योगदान ही सनातन धर्म का उद्देश्य है इसलिए संविधान के साथ अध्यात्म चिंतन को

**नींव**

**8 डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र एवं स्वावलंबी आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया**

भी साथ लेकर चलना जरूरी है। इसके साथ उन्होंने उन्नत एवं श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी निष्ठा से निर्वहन करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र एवं स्वावलंबी आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया। डॉ. अम्बेडकर ने तीन साल गहन अध्ययन करने और 40 देशों के संविधान को पढ़ने के बाद भारत के लिए एक सुदंर संविधान की रचना की। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि केयू ने प्रदेश एवं देश में एनईपी 2020 को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के यूजी एवं संबंधित लगभग 290 कॉलेजों के यूजी प्रोग्राम्स में इसे सभी प्रावधानों के साथ लागू किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के अनुसार भाग्य को बदलने का एकमात्र सहारा शिक्षा है तथा महिलाओं की प्रगति एवं उन्नति में ही समाज की उन्नति निहित हैं। डॉ. अम्बेडकर ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मातृत्व अवकाश, मतदान का अधिकार एवं हिन्दू कोड बिल लाने का कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. शिव पूजन पाठक ने कहा कि हर पीढ़ी अपने ढंग से अपने मूल्यों को निर्माण करने की कोशिश करती है।

# 24 को बीएएमएस में विद्यार्थियों का भौतिक दाखिला रखा गया




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा बीएएमएस में दाखिला प्रक्रिया के अन्तर्गत 24 दिसंबर को भौतिक उपस्थिति दौर रखा गया है। तीन दौर की ऑनलाइन काउंसलिंग के बाद 08 कॉलेजों की 99 सीटें रिक्त रह गई हैं। देश व प्रदेश के विद्यार्थियों को 24 दिसंबर सुबह नौ बजे तक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। मेरिट सूची दोपहर तक प्रदर्शित कर दी जाएगी। शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता एवं ड्राफ्ट एंड काउंसलिंग कमेटी के संयोजक डॉ. शंभू दयाल ने बताया कि इस वर्ष बीएएमएस में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का औसत पहले से कई गुणा बढ़ा है। तीन दौर की काउंसलिंग हो चुकी है जिसके बाद आयुष विवि के कैंपस कॉलेज और राजकीय महाविद्यालय समेत 13 कॉलेजों की कुल 1012 सीटों में से 99 रिक्त रह गई है। जिसके लिए भौतिक उपस्थिति आधार पर विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। विद्यार्थियों को 24 दिसंबर सुबह नौ बजे तक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। मेरिट सूची दोपहर तक प्रदर्शित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे तक दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा व फीस जमा होगी। अगर इसके बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं तो उसके लिए 28 दिसंबर को दूसरा उपस्थिति राउंड रखा जाएगा।प्रो. डॉ शंभू दयाल ने बताया कि तीन दौर की काउंसलिंग के बाद सिरसा के आयु ज्योति आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल की 29 सीटें रिक्त रह गई है, इसके साथ ही गुरुग्राम के फैकल्टी ऑफ इंडियन मेडिसिन सिस्टम एसजीटी विश्वविद्यालय की 02, जींद गंगापुत्र आयुर्वेदिक कॉलेज 02, जगाधरी, चौधरी देवीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज 01, हिसार, नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं अस्पताल 03, बिलासपुर, लाल बहादुर शास्त्री महिला आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल 01 और रोहतक के गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल की 07 सीटें खाली हैं।

# भाविप द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारत** विकास परिषद, सदर शाखा, अंबाला छावनी द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'श्री गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस ' भाषण प्रतियोगिता का आयोजन फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला छावनी में किया गया। शाखा अध्यक्ष वीरेंद्र दुरेजा व संरक्षक राजकुमार शर्मा द्वारा प्राचार्य महोदय आजा पाल सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष वीरेंद्र दुरेजा ने सभी प्रतिभागियों व अध्यापकों का



स्वागत किया, प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी प्रदान की व गुरुजी के बलिदान के महत्व के बारे में बताया। प्रिंसिपल आज्ञा पाल सिंह द्वारा 'हिंद की चादर' के नाम से जाने जाने वाले गुरु जी के हिंदू धर्म के ?क्षार्थ अपना शीश कटा कर सर्वोच्च बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। प्रथम पुरस्कार पल्लवी

**महत्व**

**8 प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी प्रदान की व गुरुजी के बलिदान के महत्व के बारे में बताया**

गुप्ता, फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल को दिया गया। अर्विका चौरसिया, जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल व सृष्टि, मुत्सद्दी लाल गर्ल्स हाई स्कूल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार जैसमीन कौर, जीएमएन पब्लिक स्कूल को दिया गया। परमवीर सिंह, बीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा ज्योति, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे रोड को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र दिए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका ओपी बनमाली, प्रसिद्ध लेखक व कवि, दीक्षित कपूर, उपाध्यक्ष व रमन चावला, महिला प्रमुख द्वारा बखूबी निभाई गई।

# सामुदायिक केंद्र: सेक्टर की नागरिक सुविधाओं पर विशेष चिंता जताई गई

**बैठक**

**8 खराब पड़े ट्यूबवैलों का ठीक ना होना तथा सैक्टर में खराब पड़े साइन बोर्डो का ना बदलना आदि मुद्दा हावी रहा**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ऐसोशिएशन के सैक्टर 14 सामुदायिक केंद्र में स्थित पंजीकृत कार्यालय में प्रधान सुरेंद्र मदान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ऐसोशिएशन के महासचिव विकास परूथी ने किया। बैठक में सैक्टर की नागरिक सुविधाओं पर विशेष चिंता जताई गई और हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा हुई जिनमें मुख्यत: सैक्टर -14 के रिहायशी इलाकों से हरियाणा रोडवेज की बसों का गुजरना, रात्रि के समय अपर्याप्त पुलिस गश्त, मौजूदा सीविर लाइनों की गाद निकालना और मौजूदा लगभग 50 वर्ष पुरानी समस्यात्मक सीवर लाइनों से सदा के लिए छुटकारा पाने के लिए नई सीवर लाइनें डालना, स्ट्रीट लाइटें, पार्कों में लंबे समय से खराब पड़े ट्यूबवैलों का ठीक ना होना तथा सैक्टर में जीर्ण-शीर्ण साइन बोर्डों का ना बदलना आदि रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने एक मत से कहा कि बार-बार लिखित और मौखिक अनुरोध के बावजूद भी जी एम रोडवेज ने बसों को सैक्टर 14 के रिहायशी इलाकों से न गुजरने देने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया है। कार्यकारिणी ने एक मत से कहा कि इस विषय पर जी एम रोडवेज को एक आखिरी पत्र लिखा जाए जिसमें स्पष्ट किया जाए कि रोडवेज की बसों को यदि तुरंत प्रभाव से सैक्टर 14 रिहायशी इलाकों से गुजरना ना बंद किया गया तो किसी भी अप्रिय घटना और कानूनी अव्यवस्था के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसी प्रकार अन्य समस्याओं के लिए भी संबंधित विभागों को भी एक आखिरी पत्र लिखा जाए। बैठक में सैक्टर 14 की नई डायरेक्टरी छपवाने पर भी बातचीत की गयी। बैठक के अंत में प्रधान सुरेंद्र मदान ने सभी सदस्यों को सैक्टर-14 निवासियों की समस्याओं से निरंतर जुड़ा रहने की अपील की और स्पष्ट रूप से कहा कोई भी समस्या हो तो तुरंत उनके संज्ञान में लायी जाए। बैठक में प्रधान सुरेंद्र प्रधान, महासचिव विकास परुथी, सह सचिव एम एल आहूजा, कैशियर संजय ठकराल, सदस्य महेंद्र भाटिया तथा रविंद्र कुकरेजा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# दुनिया में देव हजारों हैं, श्याम प्रभु का क्या कहना...



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्री श्याम बाला जी सेवा संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा गांव सुन्दरपुर के खेड़ा मंदिर में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम सेवक दिनेश गोयल ने बताया कि आयोजक जय सिंह सैनी परिवार और सुन्दरपुरवासियों ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल ने श्याम जी के भजनों के साथ-साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए। दुनिया में देव हजारों हैं, श्याम प्रभु का क्या कहना......, श्याम इस दिल में तेरा ही ठिकाना है, अब तुझे छोडकर.कहीं और नहीं जाना है......, काली कमली वाला मेरा यार है..... और झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे.... पर श्रद्धालु मस्ती में झूम उठे।

खाटू श्याम के बारे में विख्यात है कि आज भी वे माता को दिए

**भंडारा**

**8 श्री श्याम बाला जी सेवा संघ गांव सुन्दरपुर के खेड़ा मंदिर में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया**

वचन के अनुसार इस संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है। इनके दरबार में जो हार कर जाता है, जीत कर वापिस आता है। दिनेश गोयल ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु एवं बाला जी प्रचार प्रसार करना है। संघ द्वारा दो दिवसीय खाटू श्याम दर्शन यात्रा रविवार, 26 नवंबर तड़के खाटू धाम राजस्थान के लिए रवाना होगी और रविवार,3 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सुन्दरपुर चौक पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# डीएलएसए के जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत डीएलएसए द्वारा संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इन कार्यक्रमों के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन और लाड़वा में पैनल अधिवक्ता नरेंद्र रोहिला और रविन्द्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों




को संबंधित विषय पर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि इन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डीएलएसए द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाना है।

# किसानों के खातों मे 3 दिनों में डाल दी जाएगी मुआवजा राशि: कृषि मंत्री

**सिवानी:** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से किसानों हित के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। किसानों को जोखिम से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना उनको सुरक्षा चक्र प्रदान करती है।

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया उनके अथक प्रयासों से फसल रबी 22 में जिला में 38 हजार 484 किसानों का 98.50 करोड़ का मुआवजा स्वीकृत हुआ है। यह राशि किसानों के खातों में अगले तीन दिन में डाल दी जाएगी।

# प्यूमा हाउस ने पैंथर हाउस को हरा कर जीता क्रिकेट खिताब

## खेलों से सहयोग, सहनशीलता, अनुशासन जैसे मानवीय गुणों का होता है विकास : सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में प्यूमा हाउस की टीम ने पैंथर हाउस की टीम को आसानी से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्यूमा हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाकर सभी को प्रभावित किया । प्यूमा हाउस के स्टार खिलाड़ी वैभव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जबकि दया को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने इंटर



हाउस क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। एक अच्छे खिलाड़ी में साहस, उत्साह और मिलकर काम करने की क्षमता होती है। खेलों में नियमित रूप से

**प्रतियोगिता**

**8 प्यूमा हाउस के स्टार खिलाड़ी वैभव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जबकि दया को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला**

भाग लेने वाला विद्यार्थी स्वस्थ, फुर्तीला और अच्छे व्यक्तित्व का धनी होता है। उन्होंने कहा कि खेलों से सहयोग, सहनशीलता,अनुशासन जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है । अनुशासन, स्वास्थ्य और मनोरंजन का अच्छा साधन होने के कारण आज खेलों को भी शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि जो माता-पिता अब तक खेलों का विरोध किया करते थे, उन्होंने भी खेलों का महत्व जान लिया है। अब वह भी अपने बच्चों को ऐसे विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने भेजते हैं, जहां शिक्षा के साथ खेलों को भी समुचित स्थान दिया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल पुस्तकों के ज्ञान से ही बच्चों का सवार्गीण विकास नहीं होता है बल्कि खेलों से ही संतुलित मन और मस्तिष्क का विकास होता है।

# खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रमों से होता है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास'

## तीन दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान की ओर आयोजित तीन दिवसीय खेलकुद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। जिसमें विजेता टीम और एकल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के क्रिकेट मैच का टॉस कराया और खिलाड़ियों का उत्सावर्धन किया। डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. रवि राज ने मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया।कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं। खेलों से जहां मानसिक तनाव घटता है, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जीवन में खुशी और नई ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी होता है, जब युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा, तो देश और प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपने कल्चर को भी जिंदा रखा जा सकता है। हरियाणा प्रदेश की इस मामले में एक समृद्ध



विरासत है। नृत्य, संगीत, हस्तकला और यहां के स्थानीय व्यंजनों की विश्वभर में अलग पहचान है। इसे वीरों की भूमि भी कहते हैं क्योंकि तीनों सेनाओं के अन्दर सबसे ज्यादा हरियाणा के जवान मिलते हैं। जो प्रदेश को लोगों को गर्व की अनुभूति कराता है। समापन अवसर पर कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने विजेता टीम और एकल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आयुष विवि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर वर्ष खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इससे विद्यार्थियों में सामाजिक, नेतृत्व गुण और सहनशीलता की भावना विकसित होती है। इसके साथ ही विद्यार्थी को अपने देश और समाज की संस्कृति से भी रूबरू होने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के अंत में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. दिप्ति पराशर ने गणमान्यों का आभार प्रकट किया और कहा कि भविष्य में इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों को ओर बड़े स्तर पर कराया जाएगा।

# वर्तमान समय में युवाओं के कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर रुझान बढ़ रहा: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर कुराड़** गांव में ओपन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर-दराज के करीब 300 पहलवानों ने दमखम दिखाया। दर्शकों ने भी पहलवानों का तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारंभ कराया। इसके पहले देवेंद्र कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। दंगल में 90 केजी में पहलवान रोहित, 85 केजी में पहलवान प्रवीन, 75



केजी में पहलवान जयदीप, 65 केजी में पहलवान अमित विजेता रहे। जबकि कुराड़ के ढीला पहलवान व पहलवान सोनू रोहतक ने दंगल जीता। मुख्यातिथि कादियान ने विजेता पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया और कहा कि कुश्ती दंगल हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ धरोहर है, जो आदि काल से चला आ रहा है, वर्तमान समय में युवाओं के कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर रुझान बढ़ रहा है। प्रदेश में कुश्ती को काफी बढ़ावा मिल रहा है जो अच्छी बात है। इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और सौहार्द की भावना बढ़ती है।

## न्यूज फ्लैश

### जेनेसिस इंटरनेशनल और सर्वे ऑफ इंडिया ने साझेदारी पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख मैपिंग कंपनी, जेनेसिस इंटरनेशनल और देश के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण प्राधिकरण, सर्वे ऑफ इंडिया (एसओआई) ने भारत के मानचित्र में बड़ा परिवर्तन लाने के लिए मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। जेनेसिस के पूरे भारत के सबसे



सटीक नेविगेशन-योग्य मानचित्रों, जेनेसिस के सेंसरों के समूह और कुछ ही समय पहले एस.ओ.आई. के द्वारा शुरू किए गए सी.ओ.आर.एस. नेटवर्क का लाभ उठाते हुए प्रमुख शहरों और कस्बों के जैसे डिजिटल रूप तैयार करना इस महत्वपूर्ण सहयोग का उद्देश्य है जो व्यावहारिक आधार पर अत्यंत सटीक स्थिति वाले आँकड़े प्राप्त करना संभव बनाता है। यह सहयोग एस.ओ.आई. के तकनीकी आधारभूत ढाँचे के साथ जेनेसिस की विशेषज्ञता का समन्वयन करते हुए इंडिया मैप स्टैक पहल को प्रस्तुत करता है, जो अत्यंत सटीक 3 डी आँकड़े, डिजिटल टेरेन मॉडल (डी.टी.एम.), डिजिटल सरफेस मॉडल (डी.एस.एम.), और ऑर्थोइमेजरी जैसे आँकड़ों की पहले अनुपलब्ध परतें प्रदान करता है। जेनेसिस इंटरनेशनल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, साजिद मलिक ने साझेदारी पर अपना गर्व व्यक्त करते हुए बताया, "हमें भारत के विकास के लिए आधारशिला के रूप में काम करने वाले भारत के शहरों का डिजिटल ट्विन तैयार करने के लिए सर्वे ऑफ इंडिया के साथ संबद्ध होने पर गर्व है। हम खुश हैं कि भारत का प्रमुख मानचित्रण प्राधिकरण इस विकसित होते डिजिटल आधारभूत ढाँचे के विकास में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।" भारत के महासर्वेक्षक, श्री हितेश कुमार मकवाना, आई.ए.एस. ने इस साझेदारी पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, "भू-स्थानिक विषय-वस्तु प्रदान करने में एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाली कंपनी, जेनेसिस इंटरनेशनल के साथ मिलकर कार्य करने को लेकर सर्वे ऑफ इंडिया बेहद उत्साहित है। यह साझेदारी हमारी सर्वेक्षण की तकनीकों को आधुनिक बनाने और भारत की कंपनियों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जेनेसिस की मानचित्रण की विशेषज्ञता के साथ हमारी सी.ओ.आर.एस. तकनीक का संघटन भू-स्थानिक आँकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता का स्तर ऊँचा उठाकर भारत के विकास के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल देगा। हम इस सहकार्यता की भविष्य की संभावनाओं को लेकर रोमांचित हैं।"

### जिंद यूनिवर्स की ओर से नाउ : एक शक्तिशाली गीत, जो आत्मविश्वास और केयर फ्री होने की प्रेरणा देता है

**नई दिल्ली।** नाउ बाय जिंद यूनिवर्स एक ऐसा ट्रैक है, जो भावनाएं जगा देगा और आत्मविश्वास, भरोसे, केयर-फ्री और दृढ़ निश्चय का गान बनकर पूरे विश्व के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसमें शानदार बीट्स और आकर्षक विज्युअल्स का बेहतरीन मिश्रण है, जिस पर सारे श्रोता



खुद-ब-खुद झूमने लगेंगे। नाउ बाय जिंद यूनिवर्स केवल एक गीत ही नहीं, बल्कि यह एक हृदयस्पर्शी भावना है। यह प्रेरणा का संदेश देता है, और श्रोताओं से स्वयं पर पूरे भरोसे के साथ वर्तमान क्षण को अपनाने का आह्वान करता है। इस गीत की शक्तिशाली बीट्स और आकर्षक धुन आपके जोश और उत्साह को बढ़ाते हुए इसे हर प्लेलिस्ट का अभिन्न हिस्सा बना देंगी। इस मोहक ट्रैक के साथ एक प्रभावशाली म्यूजिक वीडियो भी है, जो प्रोत्साहन और आत्मविश्वास का शक्तिशाली संदेश देता है। इसके विज्युल्स संगीत के सार के साथ एक दिलचस्प अनुभव उत्पन्न करते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें इसकी हर तान के साथ झूमने के लिए तैयार कर देते हैं।

### सोमैया विद्याविहार ने डार्विन के 5वें संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली।** जीवविज्ञान में भारत के सबसे बड़े इवोल्यूशनरी आंदोलनों में से एक डार्विन का 5वां संस्करण एक अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के रूप में आने जा रहा है। इसका उद्देश्य शोधकताओं और डीआईवाई जैव-उत्साही लोगों के बीच की खाई को पाटकर ओपन साइंस को बढ़ावा देना है। यह कॉन्फ्रेंस विश्व स्तर पर अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देते हुए बायोलेब्स के साथ-साथ बायोहैकर्स को कार्यरत बनाए रखने के लिए छात्रवृत्ति और परियोजना निधि प्रदान करके जैव-समुदाय को संवेदनशील और वित्तीय रूप से समर्थन देने के लिए मामूली शुल्क लगा कर आयोजित किया जाता है। सोमैया विद्याविहार की एक पहल, इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन बायोरिइडल द्वारा किया जाता है, जो सोमैया ट्रस्ट के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन, रिसर्च इनोवेशन इनक्यूबेशन डिजाइन लेबोरेटरी का विस्तार है।

# 'जनसंवाद में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान'

## राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक दिये आवश्यक निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश** यादव ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जन संवाद की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे, किसी भी विभाग की शिकायते ऑवर ड्यू ना होने दें। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें।



उपायुक्त बुधवार को लघुसचिवालय की सभागार में आयोजित बैठक में जन संवाद से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सांसदो तथा विधायकजनों के जन संवाद के दौरान आई शिकायतों एवं समस्याओं का निर्धारित समय अवधि के दौरान प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। इसके अलावा चण्डीगढ़ मुख्यालय से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए उच्च अधिकारियों से बातचीत करें ताकि पात्र व्यक्ति की समस्या का समय पर समाधान हो सके और वह सरकार की योजना का लाभ उठा सके। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इंतकाल व कब्जा मुक्त करवाने से संबंधित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करवाएं। डीडीपीओ ने बताया कि पंचायत विभाग से संबंधित जन संवाद के दौरान ज्यादातर विकास कार्यो करवाने बारे, अवैध कब्जा छुड़वाने तथा भ्रष्टाचार की जांच को लेकर आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे है। इस पर उपायुक्त ने पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उक्त सभी प्रकार की शिकायतों व मांग पत्रो पर त्वरित कार्यवाई करें। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त शिकायतों एवं शिकायतों की चण्डीगढ़ मुख्यालय उच्च अधिकारियों द्वारा निगरानी की जाती है। इसलिए सभी अधिकारी गहन रूची लेकर समस्याओं का समाधान करें।

## पुलिस कर्मचारियों के लिए मेंटल फिटनेस और माइंडफूलनेस वर्कशॉप का हुआ आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया पुलिस कर्मचारियों** के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला पुलिस लाइन में दिल्ली सरकार हैप्पीनेस टीम की मुख्य सदस्य डॉक्टर सौम्या अरोड़ा की अध्यक्षता में मेंटल फिटनेस और माइंडफुलनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के जरिए पुलिस कर्मचारियों को बताया गया कि कैसे हम ड्यूटी की अधिकता होने पर भी तनाव मुक्त रहकर, सचेतता से अपनी ड्यूटी कर सकते हैं।

वर्कशॉप में डॉक्टर सौम्या अरोड़ा ने बताया कि पुलिस कर्मचारी रात दिन अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं और काम की अधिक व्यस्तता होने के कारण वे अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान नहीं दे पाते, जिसके कारण पुलिस कर्मचारी मानसिक तनाव का शिकार हो जाता है। इसलिए इस वर्कशॉप में डॉक्टर द्वारा पुलिस कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहकर ड्यूटी करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया गया।

## सैनिक स्कूल में कक्षा छठी व 9वीं के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया सैनिक स्कूल** कुंजपुरा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छठी व नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट एक्जाम.एनटीए.एसी.इन/एआईएसएसईई पर आगामी 16 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन कक्षाओं में दाखिले हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2024 का आयोजन 21 जनवरी, 2024 को होगा। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली के रूप में होगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2012 तथा 31 मार्च, 2014 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2009 तथा 31 मार्च, 2011 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी के लिए 100 सीट (लडके 90 व लड़कियां 10) तथा कक्षा नौवीं के लिए 21 (लडके) अनुमानित रिक्त स्थान हैं जो कि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी। इसी तरह नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, अंग्रेजी, बुद्धि परीक्षण, सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयों से संबंधित 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 180 मिनट होगी।

## मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार चार मोटरसाइकिलें बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुनील कुमार उर्फ शीला पुत्र रामपाल वासी घरौंडा और आरोपी अमित कुमार उर्फ मिू पुत्र सतपाल वासी गढ़ीभरल घरौंडा को नहर बाईपास करनाल से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया की दोनों आरोपियों ने नौ मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है, जिसमें थाना तरावड़ी के एरिया से चार मोटरसाइकिल चोरी की थी। इस संबंध में थाना तरावड़ी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ व्हीकल चोरी के चार मुकदमें, थाना शहर करनाल के दो मुकदमे व थाना सेक्टर 32-33 में एक मुकदमा तथा थाना घरौंडा में दो मुकदमे दर्ज हैं।

## जेडईडी सर्टिफिकेट के बारे में उद्योगपतियों को किया जागरूक

**शिविर**

**8 एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित सेमिनार में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । इंटरनेशनल** फूड सेफ्टी एक्रीडेशन काउंसिल द्वारा बुधवार को जीटी रोड स्थित एक निजी रेस्तरां में जेडईडी (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) सर्टिफिकेट पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। एमएसएमई इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित सेमिनार में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया। राज आर्य की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में जोगिंद्र ने जेडईडी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने का तरीका और इससे द्वारा मिलने वाली सुविधाओं बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जेडईडी सर्टिफिकेशन के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। इस सर्टिफिकेशन से उद्योगों की कार्यकुशलता और लाभ दोनों को बढ़ाया सकता है। इंटरनेशनल फूड सेफ्टी एक्रीडेशन काउंसिल के अधिकारी राज आर्य ने बताया कि गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज तीनों श्रेणियों का सर्टिफिकेट के लिए निःशुल्क आवेदन किया जा रहा है। आवेदन के लिए उनकी टीम इंडस्ट्री में भी आएगी।

उद्योगपतियों से सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने की अपील की। इस मौके पर एमएसएमई इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक, मुरथल एसोसिएशन के प्रधान ईश्वर जैन, अमित जैन, मोहित टुटेजा, दीपक आदि मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया थाना निसिंग** की टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले ग्रुप के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 25 हजार की राशि बरामद की गई है।



इस संबंध में शिकायतकर्ता रामकुमार पुत्र रामदिया वासी दरड़ ने 1 सितंबर 2022 को शिकायत दी थी कि रामपाल पुत्र राय सिंह, रायसिंह पुत्र सिमरु, ममता पत्नी रामपाल वासियान घोघडीपुर, श्रीकांत पुत्र रमेश कुमार वासी रहड़ा, प्रवीण और जना राम वासी पाई कैथल के विदेश भेजने वाले गिरोह ने मेरे बेटे दीपक को अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता की मुलाकात रामपाल व उसके अन्य सभी साथी आरोपियों के साथ हुई। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को बताया कि हम सब इमिग्रेशन का काम करते हैं और बहुत से बच्चों को विदेश में भेज चुके हैं। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने लडके दीपक को अमेरिका भेजने के लिए आरोपियों से फरवरी 2022 में मीटिंग की और 26 लाख में सौदा तय कर लिया।

शिकायतकर्ता ने अपने लडके के सभी डॉक्यूमेंट और कुल 18 लाख 45 हजार रुपए आरोपी को जुलाई 2022 तक दे दि और बाकी रुपए काम होने के बाद में देना तय हो गया। रुपए देने के बाद आरोपी शिकायतकर्ता को ऐसे ही समय देते रहे और कहते रहे कि आपके लडके का वीजा लगने वाला ह, परंतु समय बीतता गया और वीजा नहीं लगा और कुछ दिनों बाद आरोपियों ने फोन उठाने बंद कर दिए और जब शिकायतकर्ता रुपए लेने के लिए बोला तो आरोपी उसको जान से मारने की धमकी देने लगे। शिकायतकर्ता रामकुमार की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना निसिंग में 11 अक्टूबर 2022 को आईपीसी की धारा 406, 420, 506, 120बी और इमिग्रेशन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया ।

इस मामले में थाना निसिंग पुलिस द्वारा 21 नवंबर को आरोपी श्रीकांत पुत्र रमेश कुमार वासी रहड़ा हाल घोघडीपुर को

## हरियाणा रोडवेज बस ने छात्र को मारी टक्कर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया करनाल में** एक रोडवेज बस ने एक स्टूडेंट को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इस हादसे के बाद गुस्साए स्टूडेंट्स ने आइटीआई चौक पर हरियाणा रोडवेज की बस पर पथराव कर दिया। बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बस की खिड़कियां टूट गई। रेवाड़ी डिपो की यह बस चंडीगढ़ जा रही थी। घायल छात्र को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आइटीआइ के स्टूडेंट्स का आरोप है कि रोडवेज के ड्राइवर आइटीआइ चौक पर छात्रों को देखकर बस नहीं रोकते। बुधवार को एक छात्र अपनी साइड में खड़ा हुआ था। इसी दौरान ड्राइवर ने उसको सीधी टक्कर मार दी। बस का टायर स्टूडेंट के पैर पर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। छात्रों का आरोप है कि ड्राइवर बस नहीं रोकते, अगर स्टूडेंट बस में बैठ भी जाते हैं तो कंडक्टर अभद्र व्यवहार करते हैं। ड्राइवर बस को रोकने की बजाए स्पीड बढ़ा लेते हैं। कई छात्र जान भी गंवा चुके हैं।

स्टूडेंट्स का कहना है कि हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर बस छोडकर मौके से फरार हो गया। आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा लाल बत्ती होने के बावजूद भी पुलिस के सामने ही नियमों को तोड़ दिया जाता है। हरियाणा सरकार को रोडवेज ड्राइवरों की रफ ड्राइविंग पर लगाम लगाने की जरूरत है, ताकि किसी तरह का हादसा न हो।

मौके पर पहुंचे एसएचओ ने बताया कि बस की टक्कर से एक छात्र घायल हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 4700 रुपये क्विंटल के पार पहुंचे 1121 किस्म के धान के भाव

**टीम एक्शन इंडिया/जींद 1121 धान** के भाव सप्ताह के पहले दिन ही 4700 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे। निरंतर भाव में बढ़ोतरी हो रही है। बीते सप्ताह 4700 रुपए प्रति क्विंटल के पास भाव 1121 धान के थे। सप्ताह की शुरूआत के बाद भाव बढ़ रहे है। किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों मे भाव बढ़ कर 5 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचेंगे। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के मुताबिक अबतक 232898 क्विंटल धान 1121 मंडी आ चुकी है। इस बार बीते साल की अपेक्षा 700 से 800 रुपये प्रति क्विंटल भाव अधिक 1121 धान के हैं। किसान सुरजीत, धर्मबीर, जगबीर, राजेंद्र ने कहा कि इस बार 1121 धान के भाव निरंतर बढ़ रहे है। सीजन की शुरूआत ये ही भाव बढ़ रहे है। बीते साल से अधिक भाव सीजन की शुरूआत से ही किसानों को मिल रहे है।

# प्रतिदिन योग करने के हैं अनगिनत लाभः दिनेश

**लाभ**

**8 साधकों को सूक्ष्म और आसन करवाते हुए बताया कि प्रतिदिन योग करने के अनगिनत लाभ हैं**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया बलदेव** मिशन स्कूल योग कक्षा में लगाए जा रहे योग शिविर में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी द्वारा प्रतिदिन योग प्राणायाम करवाया जा रहा है, जिसका लाभ लेने के लिए लोग



उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म और आसन करवाते हुए बताया कि प्रतिदिन योग करने के अनगिनत लाभ हैं। व्यक्ति कई तरह की बीमारियों से बचाव कर सकता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म भी मजबूत होता है। शरीर के लिए छोटे-छोटे व्यायाम बहुत आवश्यक हैं, जिससे कि शरीर बेहतर प्रकार से काम कर पाए। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म क्रियाओं से शरीर में ऊर्जा बढ़ती है, बेहतर नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है, शरीर की मांसपेशियों और हड्डियों के स्वास्थ्य और मजबूती में सहायक होता है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने के लिए प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। कक्षा में योग शिक्षक निधि गुप्ता, एनफ चौधरी, राजीव शर्मा, सरोज खन्ना मौजूद रहे। योग साधक सुनीता आनंद, हर्षित, अनुज, दीपक, वेद प्रकाश, सुनैना, राधिका, कविता, सरोज, सुरिंदर भूटानी, अजय, विनोद और शैलेंद्र भी उपस्थित रहे।

# खालसा कॉलेज में धूमधाम से मनाया जा रहा 54वां स्थापना दिवस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया गुरु नानक** खालसा कॉलेज में 54वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। कॉलेज स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ।



इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, प्राचार्य डा.गुरिंदर सिंह, प्रधान स.एसपी सिंह पसरीचा, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने कॉलेज श्री गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया और कॉलेज एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूरे महाविद्यालय को चमकाया गया एवं भक्ति में माहौल ने समा बांध दिया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों में संस्कार एवं सेवा भावना के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाता है। उन्होंने बताया कि वीरवार को अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा और विद्यार्थियों एवं साथ संगत द्वारा गुरु वाणी का कीर्तन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर दाढ़ी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह लाण्डरा वाले शब्द कीर्तन से साथ संगत का मार्गदर्शन करेंगे।

इसी पावन उपलक्ष में दस्तार सजौणा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें न केवल कॉलेज के अपितु पंजाब एवं अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर दस्तार सजाई। प्रो. जतिंद्रपाल सिंह एवं प्रो. प्रितपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में अमनदीप सिंह ने पहले, हरजोत सिंह ने दूसरा व मनदीप सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गगनदीप सिंह को साबत सूरत का सम्मान मिला। प्रीतपाल कौर को धुमाला में प्रथम स्थान मिला और प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने 1100 रुपए का पुरस्कार उक्त छात्रा को दिया।

अमृतसर से जसपाल भुल्लर, खुशवंत सिंह जलमाना एवं चरणजीत सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डिविनिटी सोसाइटी की इंचार्ज प्रो. शशि मदान, डा. जुझार सिंह, प्रो. मनीष एवं बलजीत कौर ने सभी का सहयोग किया। इस अवसर पर महमल गांव के पूर्व सरपंच गुरदेव सिंह, सेवादार कर्मजीत वड़ैच, युवराज सिंह, हरनूर सिंह, सिमरन सिंह, हरमन सिंह, चेयरमेन मनिंदर थप्पल, प्रधान अपार सिंह, उप प्रधान दमनदीप सिंह, जुगराज सिंह, निरवैर संधू, सहजपाल सिंह, हरमन विर्क एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# करनाल पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत, चढ़ूनी की रैली को बताया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया करनाल पहुंचे** किसान नेता राकेश टिकैत ने भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी समेत सरकार को निशाने पर लिया। किसान नेता राकेश टिकैत बुधवार को गांव सौंकड़ा में कबड्डी टूनामेंट में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि खेलों से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है। युवा नशे से भी दूर रहता है। 23 नवंबर को पिपली में बीकेयू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी द्वारा आयोजित रैली में न्योता देने के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हमें कोई न्योता नहीं मिला। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि आजकल चुनाव का दौर शुरू हो चुका है। हम नॉन पॉलिटिकल लोग हैं, हम राजनीति से दूर रहते हैं। उन्होंने चढ़ूनी की रैली को इलेक्शन वाली रैली बताया। राजस्थान में एमएसपी की गारंटी कानून की बात सामने आई है। इस पर टिकैत ने कहा कि अब एमएसपी राजनीति में शामिल हो चुका है। राजनेताओं ने एमएसपी का नाम लेना शुरू कर दिया है। एक दिन ऐसा भी आएगा, जब एमएसपी लागू भी होगा। अभी 40 प्रतिशत एमएसपी पर किसान से फसल खरीदी जा रही है और 60 प्रतिशत हिस्सा व्यापारी पर जा रहा है। गन्ने के बढ़े हुए दामों पर राकेश टिकैत ने कहा कि जहां पर आंदोलन मजबूत होगा, वहां पर सरकार सारा काम करेगी, लेकिन जहां आंदोलन कमजोर होगा, वहां सरकार काम नहीं करेगी। सरकार का काम है कि रेट बढ़ाना। सरकार कहती है कि किसान हमें वोट नहीं देता, जिसने हमें वोट दिया, हमने उसका काम कर दिया। अभी सरकार आंदोलन के दबाव में काम कर रही है।

## संपादकीय

# धर्मनिरपेक्षता देश के विश्वास की बुनियाद

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है' भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है'

हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें' आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था।

# बढ़ते हुए तलाक कर रहे सामाजिक ताने-बाने खाक

**प्रियंका सौरभ**

> "शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। कैरियर की अलग-अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं, खासकर जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के पश्चात असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है"

**पश्चिमी** मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। जैसे भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है। भारत में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, उच्च तलाक दरों की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक और शैक्षणिक रुचि का विषय बन गई है। तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों से हटकर, सामाजिक ताने-बाने में बदलाव का संकेत दे रहा है इसलिए इसके कारणों की गहन जांच की आवश्यकता है। शहरों में संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण विस्तारित परिवारों की संख्या कम हो गई है। हाल के वर्षों में, भारत में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय और तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो सामाजिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मानदंडों में उल्लेखनीय बदलाव को दशार्ता है। परंपरागत रूप से, भारत पारिवारिक मूल्यों और विवाह की पवित्रता पर जोर देने के लिए जाना जाता है। हालाँकि, कई कारकों ने बदलती गतिशीलता में योगदान दिया है, जिससे देश भर में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक संरचनाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है। समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने शहरी भारतीय परिवारों में बढ़ते व्यक्तिवाद पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है। पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, वैश्वीकरण और मीडिया की पहुँच ने शहरी भारतीयों को विवाह और तलाक पर विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराया है। गौरतलब



है कि पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है। सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने शहरी भारत में संबंधों की गतिशीलता को बदल दिया है। सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से पति-पत्नी के बीच विश्वास संबंधी समस्याएं, ईर्ष्या और गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिस तेजी से लोगों के बीच अंतरंगता बढ़ी है। उसी तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म विवाह विच्छेद और तलाक की वजह भी बन रहे हैं। स्थिति यह है कि महानगरों में डिवोर्स के हर 10 प्रकरण में से 4 की वजह सोशल मीडिया के कारण पति-पत्नी की अन्य लोगों से बढ़ी अंतरंगता और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो सकती हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन सकती हैं। जनम-जनम के रिश्तों में दूरियां और कड़वाहट पैदा कर रहा सोशल मीडिया, रोक-टोक मियां और बीवी को मंजूर नहीं है। उच्च तनाव वाली शहरी जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान दिया है, जिससे वैवाहिक स्थिरता पूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इंडियन साइकाइट्री सोसाइटी सहित अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में पहले की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारिवारिक गतिशीलता को प्रभावित कर रही है। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो रही हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन रही हैं। शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। कैरियर की अलग-अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं, खासकर जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के पश्चात असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और शहरीकरण ने पारंपरिक पारिवारिक संरचना को बदल दिया है। जैसे-जैसे लोग बेहतर अवसरों के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं, उन्हें आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बिठाने में अक्सर नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे विवाह में तनाव आ सकता है। आर्थिक दबाव, नौकरी का तनाव और कार्य-जीवन संतुलन की कमी के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। भारत के महानगरीय क्षेत्रों में तलाक की दरों में वृद्धि सांस्कृतिक, आर्थिक और कानूनी कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया को प्रदर्शित करती है। यह भारतीय समाज में एक संक्रमणकालीन चरण को दशार्ता है जहां व्यक्तिगत आकांक्षाओं को तेजी से मान्यता दी जा रही है। यह प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देते हुए, सामाजिक विकास और समकालीन मूल्यों और व्यक्तिगत कल्याण के साथ विवाह के बेहतर तालमेल के रास्ते भी खोलती है। इस मुद्दे के लिए एक सूक्ष्म समझ और सहायक नीति ढांचे की आवश्यकता है जो आधुनिक रिश्तों की बदलती गतिशीलता को पूरा करे। भारत में तलाक के मामलों में भारी वृद्धि को सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बदलते दृष्टिकोण, कानूनी सुधार और सामाजिक कलंक में कमी के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैवाहिक संबंधों की गतिशीलता में और अधिक बदलाव आने की संभावना है।

जोड़ों को उनके मुद्दों का समाधान करने और जब भी संभव हो तलाक के विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए सहायता प्रणाली और परामर्श सेवाएं प्रदान करना समाज के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, अंतर्निहित सांस्कृतिक मानदंडों को संबोधित करने और लैंगिक समानता में सुधार करने के प्रयास भविष्य में स्वस्थ और अधिक टिकाऊ विवाहों में योगदान दे सकते हैं।

## कविता

### चलिए स्वयं की खोज में

क्या कभी आपने
अपने आप को
खुद में पहचानने,
खोजने की कोशिश की है,
उस सच की तलाश की है,
जो आपके अंदर
सदियों से समाया हुआ है,
आपके मन में
तिल तिल कर जिंदा है
आप के मनोभावों के साथ
बाहर आना चाहता हो,
आपने अंदर के मासूम बच्चे
को महसूस करने की कोशिश की है।
आप कभी यूं ही बेवजह
मुस्कुराये,
खिलखिलाये है,
रोज एक नया मुखौटा लेकर
एक नए-नए पलों को
जीते चले जा रहे हैं,
जिंदगी के सच का
सामना नहीं कर सकते ,
वही सच जो आपको
वर्तमान का आईना
भी दिखाता है,
आप भागते हैं कड़वी
सच्चाईयों से,
और निकल पड़ते हैं,
नए चेहरे की तलाश में

**संजीव**

---------

# क्यों भारत चाहता है बांग्लादेश में हसीना की वापसी?

**आर.के. सिन्हा**

**पड़ोसी** देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा और जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में नई संसद के चुनाव की घोषणा के साथ ही स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव भी शुरू हो गए हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की तो चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हर संभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित है। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवार्सित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक श?ण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे।

## विचार

# जीवन में सबसे पहले पिता-परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**अमेरिका** में धन्यवाद दिवस का अपना ही महत्त्व है। यह दिन यूरोप और दूसरे देशों से आए लोगों ने अमेरिका के लोगों को सहायता देने के उपलक्ष्य में शुरू किया था, परंतु समय के साथ-साथ यह दिन धन्यवाद दिवस के रूप में प्रचलित हो गया। कई बार जब हमें किसी से कोई भी चीज मिलती है तो हम उन्हें धन्यवाद कहते हैं। चाहे यह हमारे परिवार, मित्रों, शिक्षकों, समाज और देश से मिले। इसके अलावा हम प्रभु से मिले सभी उपहारों के लिए भी उनका धन्यवाद करते हैं। हमें अपने जीवन में सबसे पहले पिता-परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि उन्होंने हमें ये मानव शरीर दिया है। चौरासी लाख जियाजून में केवल इस शरीर में ही हम अपने आपको जान सकते हैं और पिता-परमेश्वर को पा सकते हैं। इसके अलावा हमारे जीवन में प्रभु ने हमें अनेक बरकतें दी हैं। यदि हम एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे हैं तो हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि ऐसे बहुत से लोग हैं जो किसी गंभीर बीमार से पीड़ित हैं। यदि हमें प्रत्येक दिन भोजन मिल रहा है तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोगों को दो वक्त का भी भरपेट भोजन नसीब नहीं है। यदि हम देख, सुन और बोल पा रहे हैं तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि इस दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं जो न तो देख पाते हैं, न ही सुन पाते हैं और न ही बोल पाते हैं। यदि हम आर्थिक रूप से संपन्न है तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि हम यह देखते हैं कि गरीबी के कारण जीवन में अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यदि हम अपने परिवार के साथ रह रहे हैं तो इसके लिए भी हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि ऐसे बहुत से लोग हैं जोकि अनाथ हैं। इस तरह हम देखते हैं कि हमारे जीवन में प्रभु की अपार दयामेहर है तो इसलिए न सिर्फ धन्यवाद दिवस पर बल्कि हर रोज हमें प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए। धन्यवाद दिवस पर हम केवल प्रभु का धन्यवाद करने तक ही सीमित न रहें बल्कि इस दिन हम यह भी प्रण करें कि प्रभु से मिली इन खुशियों को हम सबके साथ बाटेंगे और दूसरों की सेवा करेंगे। हम कई तरह से अपना सहयोग दे सकते हैं जैसे कि शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप में। हमें दूसरों की सहायता निस्वार्थ भाव से करनी चाहिये। यदि कोई बीमार है तो हम उसकी शारीरिक रूप से मदद कर सकते हैं। अगर किसी को मानसिक रूप से परेशानी है तो हम उसे समझाकर उसकी मदद कर सकते हैं और यदि कोई आर्थिक संकट का सामना कर रहा है तो हम अपनी क्षमता के अनुसार उसकी मदद कर सकते हैं। आध्यात्मिक रूप से किसी की मदद केवल संत और गुरु ही कर सकते हैं क्योंकि वे लोगों को ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु की ज्योति और श्रुति से जोड़ते हैं। वे उनकी आत्मा को प्रभु से मिलाने में मदद करते हैं। ऐसे जिज्ञासु जो सच्चाई और प्रभु को पाने की इच्छा रखते हैं, वे उन्हें अनुभव कराते हैं कि इस भौतिक संसार के अलावा भी कुछ है। प्रभु मिलन में उनकी तरक्की तेज हो सके इसके लिए वे शिष्य को ध्यान-अभ्यास में बैठने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि वे उनकी आत्मा को इस भौतिक संसार से निकाल कर सच्चे घर सचखंड पहुँचा सकें। तो आईये! धन्यवाद दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम न सिर्फ प्रभु से मिली बरकतों का धन्यवाद करेंगे बल्कि दूसरों की भी मदद करेंगे। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम देखेंगे कि इस दुनिया में कोई भी व्यक्ति किसी भी चीज से वंचित नहीं रहेगा। ऐसा करके हम एक ऐसे संसार के निर्माण में सहायता करेंगे जिसमें प्यार, दूसरों को देना, और एक-दूसरे का ख्याल रखना महत्त्वपूर्ण होगा। यदि हर व्यक्ति ऐसा जीवन जीने का प्रण ले तो हम देखेंगे कि वह दिन दूर नहीं जब इस धरती पर प्रभु के राज्य की स्थापना होगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बदलते परिवेश में अपने सेवा क्षेत्रों को नये आयाम दें - एनजीओ

**डा. मनमोहन प्रकाश**

**भारत** में पहला एनजीओ 1917 में नोबल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के भतीजे गजेन्द्रनाथ ने द बंगाल होम इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नाम से हैंडलूम वस्त्र निमार्ता मजदूरों की समस्याओं के निराकरण के लिए आरंभ किया था। तब से आज तक भारत मे हजारों एनजीओ आकार ले चुके हैं और निस्वार्थ, निशुल्क स्वैच्छिक सेवा के क्षेत्र में पहचान बना चुके हैं। अधिकांश एनजीओ सामान्यत: पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सामुदायिक विकास हेतु कार्य करते हैं,तो कुछ लाभकारी, जनहितैषी सरकारी योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी पहुंचाने तथा मानव अधिकारों के लिए काम करते हैं वहीं कुछ आपदा और दुर्घटना के समय अविलंब राहत पहुंचाकर जरूरतमंदों का सहारा बनते है तथा गरीब , दीन-दुखी , जरूरतबंद व्यक्तियों तथा समुदाय की हर प्रकार की मदद करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। कुछ ऐसे भी एनजीओ हैं जो सभी धर्मों के आदिवासी, दलितों तथा गरीब परिवार की लड़कियों, महिलाओं को सुरक्षित, हिंसा मुक्त जीवन, अपने मन की बात कहने की आजादी,समान अवसर, भेदभाव मुक्त भविष्य के लिये तैयार करते हैं तथा हर उम्र के बेसहारा स्त्री-पुरूष, विकलांग, मूक-बधिर आदि का सहारा बनते हैं। वस्तुत: एनजीओ ने हर बेसहारा, जरूरतमंद तक अपनी पहुंच बनायी है, सेवा- सहायता की है, गरीब, दीन-दुखी के आंसू पोंछने का काम किया है। शायद इसीलिए इन संगठनों की समाज में अच्छी छवि है, जनसामान्य इनकी बातों को ध्यान से सुनता है और इनकी सलाह पर अमल करने पर विचार भी करता है। इन संगठनों के कार्य और कार्यप्रणाली इन्हें गैर-लाभकारी, धमार्थ,समाज सेवी, समाज कल्याणकारी,समाज विकासवादी तथा गरीब,समाज एवं राष्ट्र हितैषी संगठन बनाती है। अत: मेरे अनुसार एनजीओ को समाज का, समाज के लिए, समाज द्वारा गठित संगठनह्व कहना ज्यादा सही होगा। एनजीओ को अपने दायित्वों का सकुशल निर्वहन तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं, कारपोरेट घरानों, दानवीरों द्वारा छोटी-बड़ी आर्थिक तथा वस्तु के रूप में स्वप्रेरणा से खुलकर मदद दी जाती रही है। सरकार द्वारा आर्थिक मदद का भी प्रावधान है बशर्ते संगठन का उद्देश्य और कार्य योजना सही है और कार्यपद्धति नियम- कानून के दायरे में आती है। कई एनजीओ सरकारी हस्तक्षेप से डरते हैं और मदद लेने में भी हिचकिचाते हैं।

# कृपया सीट की पेटी बाँध लें

**डॉ. सुरेश कुमार**

**देवियो!** और सज्जनो! आपका स्वागत है। कृपया अपनी सीट बेल्ट बांधें, अपनी ट्रे टेबल को सीधी और बंद स्थिति में रखें, और सीट बेल्ट को बांधने और खोलने के तरीके के पूरी तरह से अनावश्यक प्रदर्शन के लिए तैयार रहें। क्योंकि, आप जानते हैं, उड़ान के इतने वर्षों के बाद भी, आप अभी भी इसका पता नहीं लगा पाए हैं। ओह, और चिंता न करें यदि आप जहाज पर कोई नाश्ता नहीं लाए हैं, तो हम अपने अत्यधिक महंगे, बमुश्किल खाने योग्य भोजन के लिए आपसे एक हाथ और एक पैर का शुल्क लेना सुनिश्चित करेंगे। और यदि आप भाग्यशाली हैं, तो हम आपको मुफ्त में आधा कप गर्म, पानी वाली कॉफी भी दे सकते हैं। आपका स्वागत है।

आपके मनोरंजन के लिए, हम आपको एक सुरक्षा वीडियो दिखाएंगे जिसे आप इंजन की आवाज पर नहीं सुन पाएंगे, इसलिए बस आराम से बैठें, आराम करें और ऐसा दिखावा करें जैसे आप वास्तव में निकटतम आपातकालीन निकास के स्थान की परवाह करते हैं और अंत में, हमारी प्यारी एयर होस्टेस नकली मुस्कुराहट और अति-उत्साह के साथ गलियारे में परेड करेंगी क्योंकि वे आपको उस तरह के आतिथ्य के साथ सेवा प्रदान करेंगी जिसे केवल इस रूप में वर्णित किया जा सकता है कि "हमें आपके साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए भुगतान किया जा रहा है। "इसलिए कृपया हमारा दिन बर्बाद न करें।" हमारे साथ उड़ान भरने का विकल्प चुनने के लिए धन्यवाद। हम आशा करते हैं कि आपकी यात्रा औसत दर्जे की और सुरक्षित, लेकिन बहुत आरामदायक नहीं होगी।

और याद रखें, हमारा फ्रीक्वेंट फ़्लायर कार्यक्रम आपको यह महसूस कराने की एक चाल है कि आपको कुछ विशेष मिल रहा है, जबकि वास्तव में आपको केवल कुछ अतिरिक्त मूंगफली मिल रही हैं और यह जानकर संतुष्टि है कि आपने हमारी तंग जगह में बहुत अधिक समय बिताया है। आपका भरा हुआ हवाई जहाज।

## न्यूज फ्लैश

### नशीला पदार्थ डोडा पोस्त सप्लायर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्पेशल स्टॉफ** असंध द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी चौगामा असंध को डेरा छीना के पास खिजराबाद से गिरफ्तार किया गया था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 560 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह यह डोडा पोस्त कैथल के मांडवाल के भूपिंदर सिंह उर्फ कीडा पुत्र मलकीत सिंह से लेकर आया था। मामले में आगे की कार्यवाही करते हुए उपरोक्त नाम के आरोपी को टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर 20 नवंबर को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर आगे की कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।

### पीओ महिला अपराधी को किया गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सिविल** लाइन की टीम ने जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाली महिला पीओ आरोपी रजनी पत्नी राजेश कुमार वासी पोल्ट्री एरिया नीलोखेड़ी को गिरफ्तार किया। महिला आरोपी रजनी को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा 28 अक्टूबर 2023 को पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में महिला आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में आईपीसी की धारा 174 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### वीरांगना झलकारी बाई का 193वां जन्मदिवस मनाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लक्ष्मीबाई की** दुर्गा दल की सेनापति रही वीरांगना झलकारी बाई का 193 वां जन्म दिवस भावना चौक स्थित शिव मंदिर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर के जन्म दिवस को एक प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता महिपाल सूबेदार ने शिरकत की।
इस अवसर पर महिपाल सूबेदार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज वीरांगना झलकारी बाई के 193 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में यहां इकट्ठे हुए हैं झलकारी बाई रानी लक्ष्मी बाई की सेनापति रही एक बहादुर नीडर महिला थी जिसने कोरी समाज में 22 नवंबर 1830 को बुंदेलखंड के गांव भोजला में एक निर्धन कोरी परिवार में जन्म लिया उनके पिता सदोवा उर्फ मूलचंद कोरी एक सैनिक थे। पिता के सैन्य जीवन से प्रभावित होकर झलकारी बाई ने बचपन से ही शाहसी बालिका रही। भारत में जब भी महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा जरूर होती है रानी लक्ष्मीबाई की तरह ही उनकी महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति झलकारी बाई भी का भी नाम महान वीरांगना के रूप में लिया जाता है जिनका स्वतंत्र भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्होंने केवल रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाई बल्कि अपने प्राणों की परवाह नहीं करते हुए अध्याय साहस व बहादुरी के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया और वीरगति को प्राप्त हुई। आगे सूबेदार जि ने की कहा कि इनके जीवन से में प्रेरणा लेकर के देश के प्रति समर्पित भाव से हम त्याग करें और समर्पित भाव से लोगों की सेवा करें देश की सेवा करें और इसे शिक्षा लेकर के महिलाओं को भी निडरता का आभास होना चाहिए। इस मौके पर ओमवीर कोरी ,धर्मवीर कोरी ,डॉक्टर विनोद कोरी, गोवर्धन ,प्रमोद प्रताप कोरी ,प्रेम, शमशेर वाल्मीकि, बलवान शर्मा,महेंद्र कोरी, कर्मवीर कोरी ,बिजेंदर, विशंभर गुर्जर, लक्ष्मी नारायण शर्मा, सतीश कोरी, प्रतापसिंह कोरी, सतीश, सुधीर शर्मा, आदि मुख्य रूप से मौजूद र हे

### डीआईटीएम कॉलेज में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के हालिया रुझानों को लेकर नेशनल लेवल वर्कशॉप का आयोजन

**गन्नौर।** डीआईटीएम कॉलेज के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग के हालिया रुझानों के तहत एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में 300 से ज्यादा छात्र-छात्राओं उद्योगपतियों रिसर्च स्कॉलर आदि ने भाग लिया। डॉ राजेश पाठक मेट्रो यूनिवर्सिटी नोएडा के वाइस चांसलर मुख्य अतिथि रहे और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनिल कुमार एसोसिएट प्रोफेसर डीटीयू यूनिवर्सिटी दिल्ली रहे । वर्कशॉप में स्पीकर जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से डॉक्टर मोहम्मद जावेद और श्री माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी से डॉक्टर राजीव कुमार और पानीपत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से डॉक्टर विशाल डबरा उपस्थित रहे । सभी सम्मानित स्पीकर ने अपने-अपने एरिया के बारे में सभी बच्चों को शिक्षा दी और उन्हें प्रेरित किया और सभी शोधकर उद्योगपतियों और छात्रों को आशीर्वाद दिया और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के बारे में बताया। डॉ अनिल कुमार ने सौर ऊर्जा के बारे में बताया और डॉक्टर राजीव कुमार ने कंपोजिट मैटेरियल के बारे में बच्चों को ज्ञान दिया और डॉक्टर जावेद मोहम्मद दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर ने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के बारे में छात्रों से बातचीत की। सहायक प्रोफेसर नीलम शर्मा और सहायक प्रोफेसर अमन बरकोदिया एक डीटीएम कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हैं और इस कार्यक्रम का प्रबंधन किया। डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार ने कहा है कि फ्यूचर में भी हम इस टाइप की वर्कशॉप का आयोजन करते रहेंगे । इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष एसके जैन ने सभी स्टाफ मेंबर और स्टूडेंट को बधाई दी ।

# 'अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों पर हो कार्रवाई'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी** अनीश यादव ने खनन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों की तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। जिला के कि सी भी क्षेत्र में अवैध खनन बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन व सडकों पर ओवर लोडिंग चलने वाले वाहनों पर ड्रोन से निगरानी कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इतना ही नही ओवर लोडिंग चलने वाले वाहन को इम्पाउंड कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाऐं। डीसी बुधवार को अवैध खनन को लेकर जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन वाहनों को ओवर लोडिंग के चालान किए गए है, यदि उन्होंने निर्धारित समय में चालान की राशि नहीं जमा करवाई है तो उनकी भी तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज करवाएं। बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने बीते अक्तूबर माह के दौरान अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला खनन अधिकारी कमलेश कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते माह में अवैध खनन से जुड़े 6 मामलों पर कार्रवाई की गई है। जिनमें 1 मामले में एफआईआर दर्ज व 3 मामलों में संबंधित लोगो को नोटिस दिए जा जुके है। इसी कड़ी में 2 मामलों को विभागीय नियमानुसार महानिदेशक के पास अपील के लिए भेजा गया है। डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि वे भी खनन विभाग का सहयोग करते हुए दिन व रात के समय में निरंतर चैकिंग अभियान जारी रखें।




**घरौंडा क्षेत्र में यूपी की सीमा पर डीजीपीएस मशीन से होगी मार्किंग**
डीसी अनीश यादव ने कहा कि घरौंडा क्षेत्र में यमुना नदी के आस-पास यूपी की सीमा पर वैध व अवैध खनन क्षेत्र को लेक र कई बार संशय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसको लेकर उस क्षेत्र में शामली व करनाल जिला के संबंधित अधिकारियों द्वारा डीजीपीएस मशीन के माध्यम से मार्किंग करवाई जाएगी। डीजीपीएस मशीन द्वारा मार्किंग के बाद दोनों राज्यों की यमुना सीमा पर वैध व अवैध खनन क्षेत्र की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाएं राजस्व विभाग के अधिकारी : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तहसीलों में आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी लाए। तहसीलों में रजिस्ट्री, गिरदावरी, जमाबंदी व जाति प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। अधिकारी विशेषतौर पर यह ख्याल रखें कि आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी अनीश यादव बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। डीसी अनीश यादव ने जिले की सभी तहसीलों व उपतहसीलों में लंबित पड़े इंतकाल के कार्य को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सरल केंद्र का स्कोर नीचे नहीं आना चाहिए।

## युवाओं में कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर रुझान बढ़ रहा: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**कुराड़** गांव में ओपन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर-दराज के करीब 300 पहलवानों ने दमखम दिखाया। दर्शकों ने भी पहलवानों का तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारंभ कराया। इसके पहले देवेंद्र कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। दंगल में 90 केजी में पहलवान रोहित, 85 केजी में पहलवान प्रवीन, 75 केजी में पहलवान जयदीप, 65 केजी में पहलवान अमित विजेता रहे। जबकि कुराड़ के ढीला पहलवान व पहलवान सोनू रोहतक ने दंगल जीता। मुख्यातिथि कादियान ने विजेता पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया और कहा कि कुश्ती दंगल हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ धरोहर है, जो आदि काल से चला आ रहा है, वर्तमान समय में युवाओं के कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर रुझान बढ़ रहा है।
प्रदेश में कुश्ती को काफी बढ़ावा मिल रहा है जो अच्छी बात है।

## नगर कीर्तन 25 नवंबर को, गुरमति समागम 27 नवंबर को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अदिगुरू जगत** गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व को 27 नवंबर को करनाल में डेरा कारसेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक जतेदार बाबा सुक्खा सिंह की सरपरस्ती में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 25 नवंबर को नगर कीर्तन और 27 नवंबर को गुरमति समागम सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।
यह निर्णय डेरा कारसेवा प्रमुख पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह की सरपरस्ती में आयोजित गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह ने की। कमेटी के महासचिव जत्थेदार

**फैसला**
**8 यह निर्णय प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह की सरपरस्ती में आयोजित गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की बैठक में लिया गया**

इंद्रपाल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा डेरा कारसेवा कलंदरी गेट में 25 नवंबर को सुबह छह बजे से तीन बजे तक तथा छह बजे से रात दस बजे तक गुरमति समागम होगा। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को नगर कीर्तन गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से निकलेगा। सुबह नौ बजे गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरू होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से सुबह साढ़ दस बजे से शुरू होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल, अस्पताल चौक, कुजंपुरा रोड, सब्जी मंडी से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न होगा। नगरकीर्तन में गुरु साहेब की पालकी आस्था का केंद्र रहेगी। इसमें दशमेश अखाड़ा तथा बीर खालसा दल गतका पार्टी के जोहर दिखाएंगे। 27 नवंबर को आयोजत गुरमति समागम में दरबार साहेब अमृतसर के हजूरी रागी निरभै सिंह, इंटरनैशनल ढाडी जत्था बीबी सुरिंदर कौर जी पंजाब गुरुद्वारा मंजी साहेब के हेड ग्रंथी भाई अमृत पाल सिंह, हजूरी रागी भाई बलविंदर सिंह, सुखमणि साहेब गुरुद्वारा सैक्टर सात के हजूरी रागी भाई इंद्रजीत सिंह, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा माडल टाउन के हजुरी रागी भाई हरदयाल सिंह, गुर की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर भाई मंजूर सिंह और गुरप्रीत सिंह नित्तनेम तथा पाठ सीरसी करेंगे। भाई सूबा सिंह स्टेज सैकेट्री के दायत्वि के साथ गुरु हरकिश पब्लिक स्कूल के बच्चे गुरवाणी का पाठ करेंगे। इस बैठक में रतन सिंह, बरिंदर सिंह, प्रधान महासचिव भई इंद्रपाल सिंह, हरप्रीत सिंह नरूला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरपाल सिंह डोनी, अरविंदर सिंह चोपड़ा, जश पाल सिंह, तेजेंद्र पाल सिंह डिम्पी मौजूद रहे।

## जिला पुलिस में तैनात दो महिला सब-इंस्पेक्टर पदोन्नत होकर बनी इंस्पेक्टर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
जिला पुलिस में तैनात दो महिला सब-इंस्पेक्टर पदोन्नत होकर बनी इंस्पेक्टर व एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर पदोन्नत होकर बना सब-इंस्पेक्टर; पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने तीनों के कंधों पर स्टार लगा पदोन्नति देते हुए दी शुभकामनाएं पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने पदोन्नति पाने वाली महिला सब-इंस्पेक्टर गायत्री व सब-इंस्पेक्टर निर्मला के कंधों पर स्टार लगा इंस्पेक्टर व असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर उपेंद्र के



कंधों पर स्टार लगा सब-इंस्पेक्टर पदोन्नत करते हुए बधाई दी। उन्होने इस अवसर पर पदोन्नत सभी पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में पुलिस विभाग एवं समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने नव पदोन्नत सभी पुलिसकर्मियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं।

## नकाबपोश बदमाशों ने व्यक्ति का टूल बॉक्स व पर्स छीना

**गन्नौर।** सनपेड़ा रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश बदमाश एक व्यक्ति का टूल बोक्स व पर्स छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में अनुप नगर के रहने वाले राजेश ने बताया कि वह सैमसंग कंपनी मे एलईडी टीवी रिपेयर करने का काम करता है। 21 नवंबर को वह अपनी मोटरसाइकिल पर गांव सनपेडा में एलईडी लगाने गया था। जब वह वापिस लौट रहा था तो सनपेड़ा रोड पर एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवक उसके सामने आ कर रुके और रास्ता पूछने लगे।

## खेलों से होता है सर्वांगीण विकास: डॉ नवीन नैन भालसी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व ठफ्क्र प्रवेश शर्मा व जरनल सेक्रेटरी मिनी फूटबाल ऐसोशियेशन ऑफ इडिया कार्तिक शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा अंडर-15 मिनीफुटबॉल चैंपियनशिप 2023 आयोजन "जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब" द्वारा आयोजित किया गया। हरियाणा मिनी फुटबॉल अंडर-15 क्लब चैंपियनशिप फाइनल मैच अपोलो भाहरी बनाम भिगान गांव की टीम के बच जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब गन्नौर में खेला गया,जिसमें अपोलो स्कूल बड़ी विजेता और भिगान गांव की टीम उपविजेता रही। इस दौरान मुख्य अतिथि का फूल माला पहना कर व बुका देकर ब्राह्मण सभा के प्रधान महाबीर सिंह शर्मा गन्नोर और अकेडमी संचालक विनोद भारद्वाज ने स्वागत किया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि खेलों से ही होता है सर्वांगीण विकास व आज के समय में युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है हरियाणा मिनी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में मिनी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य (वर्ल्ड मिनीफुटबॉल फेडरेशन-डब्ल्यूएमएफ द्वारा संबद्ध) है।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हर साल भारत से मिनीफुटबॉल खिलाड़ी विश्व कप या एशियाई अंतर्राष्ट्रीय मिनीफुटबॉल चैंपियनशिप में अलग-अलग देशों में भाग लेने जाते हैं या देश का नाम रोशन करते हैं। इस दौरान राजेश कौशिक, जगदेव शर्मा,दयानंद शर्मा,अंकित कौशिक,वेद प्रकाश अत्रि आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षित समाज होने पर ही राष्ट्र का निर्माण संभव: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा जिला पानीपत का दौरा किया।
कोरी समाज द्वारा आयोजित की गई सभा में मुख्य अतिथि अनुरागढांडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा आज व्यक्ति को समृद्ध बनाने के लिए शिक्षा का होना बहुत जरूरी है अगर हमारा समाज शिक्षित होगा तो हमारा प्रदेश हमारा राष्ट्र समृद्ध होगा। मूलभूत सुविधाएं मिलने से प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी होगी बेरोजगारी दूर होगी सेविंग बढ़ेगी जिससे राष्ट्र समृद्ध होगा ।



इस मौके पर कोरी समाज द्वारा अनुराग ठंडा जी का पानीपत नूर वाला आने पर फूलमाला से स्वागत किया। प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर सिंह मलिक एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा अनुरागढांडा का स्वागत किया गया।
प्रदेश ज्वाइंट सेक्टर सुखबीर सिंह मलिक ने कहा शिक्षित समाज ही बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए सार्थक रहता है अगर हमारे बच्चे पढ़े लिखे होंगे तो बेरोजगारी दूर होगी साथ में मूलभूत सुविधाएं मिलने पर चर्चा की । रामकुमार कोरी एवम आम आदमी पार्टी नेत्री नीलम परनामी द्वारा आयोजित की गई सभा में कोरी समाज के साथी रहे कर्मवीर,पंकज, सतीश सुभाष, ओमवीर, मांगेराम, ब्रह्मपाल, परविंदर कुमार, इंद्रपाल, सुरेश कुमार, राजकुमार, प्रमोद नहर माजरा ,डॉ विनोद, सुभाष, मेहर सिंह, शीशपाल ,गुरुदेव, ब्रह्मपाल ,बिजेंदर , जनेश्वर ,देवी सिंह ,महक सिंह ,ओमवीर कबीरपंथी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राजकुमार मुंडे प्रदेश, संयुक्त सचिव एस सी अनिल रंगा, नीलम प्रणामी, राजेंद्र राठी ,मुकेश शर्मा, सूरजभान राठी, बजिंदर राठी, देवेंद्र सलूजा ,रमेश कुमार से कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खरखौदा में अतिक्रमण बर्दाशत नहीं किया जाएगा: संदीप गर्ग नपा सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** नगरपालिका के अधीन बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था और सफाई की बड़ी समस्या है। जिसे लेकर नगरपालिका की तरफ से सख्ती करने की तैयारी कर ली गई है। कार्रवाई करने से पहले नपा सचिव संदीप गर्ग की ओर से सभी दुकानदारों से अपील की जा रही है। कि जिस भी दुकानदार ने कोई भी सामान दुकान के बाहर रखा है। या दुकान के बाहर चबूतरा या शेड़ लगाया हुआ है। उसे वह खुद अपने स्तर पर हटा ले। दो



दिन तक यह अपील शहर के दुकानदारों से की जाएगी, इसके साथ ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा और नालों की सफाई की जाएगी। इसके लिए नगरपालिका नालों के ऊपर बने शेड उखाड़ने के साथ-साथ ही नालों पर बनाए गए स्लैब भी तोड़ने का काम करेगी। शहर में किसी भी तरह से अतिक्रमण को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि इसके कारण ही शहर लंबे समय से जाम से जुझ रहा है। शुक्रवार को 11 बजे नगरपालिका पुलिस बल के साथ शहर में उतरेगी और अतिक्रमण पर कार्रवाई करेगी।
नगरपालिका सचिव संदीप गर्ग का कहना है कि इस दौरान सामान जप्त किया जाएगा जिसे किसी भी सूरत में वापिस नहीं किया जाएगा। और इस तरह की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।

# 'रैडक्रास सोसाईटी जरूरतमंदों के लिये सदैव तत्पर'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला** रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के परिसर में बुधवार को सुषमा गुप्ता, उपाध्यक्षा भारतीय रैडकास सोसाईटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ ने शिरक्त की और संस्था द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और संस्था द्वारा की जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सचिव, गौरव रामकरन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान ब्लड बैंक इंचार्ज डा0 पूजा सिंघल, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, अधीक्षक विनोद कुमार सहित कार्यालय के सभी कर्मचारीगण व स्वयसेवक मौजूद रहे। इस दौरान उपाध्यक्ष



सुषमा गुप्ता ने 42 गरीब, जरूरतमंद व असहाय महिलाओं को कम्बल व हाईजिन किट वितरित की और महिलाओं को जागरूक करते हुये कहा कि स्वच्छ शरीर के अन्दर ही परमात्मा का निवास होता है इसलिय हमें स्वच्छता को महत्व देना चाहिये।
सचिव गौरव राम करण ने बताया कि सैंट जॉन सनातन धर्म कालेज एम्बुलैंस बिग्रेड, पानीपत व सेंट जॉन सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यिमक नर्सिंग डिविजन, प्रेम नगर, पानीपत ने सलामी देकर मुख्यअतिथि का स्वागत किया। इस दौरान रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन भी किया गया, जिसमें रैडक्रॉस के कर्मचाररियों / स्वयसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में जरूरत अनुसार लगभग 25 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। सचिव ने बताया कि रेडक्रॉस रक्तबैंक के माध्यम से प्रत्येक वर्ष लगभग 170 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है और लगभग 10000 रक्त ईकाईयां एकत्रित की जाती है और जरूरमंद मरीजों को एमरजैसी के समय रक्त उपलब्ध करवाया जाता है।
रैडक्रास भवन में चलाई जा रही गतिविधियां जिनमें कम्पयूटर प्रशिक्षण केन्द्र, टी आई प्रोजेक्ट, वन स्टाप सेंटर, लाईब्रेरी, प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या प्रशिक्षण को भी सुषमा गुप्ता द्वारा अवलोकन किया गया और उन्होंने संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशसा करते हुये कहा कि रैडकास पानीपत युवाओं, गरीब व जरूरनंद व्यक्तियों/महिलाओं के उत्थान के लिये सदैव तत्पर है। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारी जसमेर सिंह, कुलदीप सिंह, कदम सिंह, मनोज कुमार, टी. आई प्रोजैक्ट मैनेजर सुदेश देवी, एम. एण्ड ई. ओ. अभिषेक, वन स्टाप सैंटर प्रोजेक्ट मैनेजर ईषा वर्मा. एम. एण्ड ई. ओ. सुनील कुमार, मीना कुमारी, सोनिया, बिग्रेड आफिसर प्रदीप कुमार सहित कार्यालय के सभी कर्मचारिगण व स्वंयसेवक मौजूद रहे।

# भूमि अधिग्रहण: आतिशी ने सीएम को सौंपी सप्लिमेंट्री रिपोर्ट

## आतिशी की रिपोर्ट में बताया कि चीफ सेक्रेटरी ने डीएम के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया, कागज पर नूरा कुश्ती चल रही थी

**रिपोर्ट**

**8 एलजी वीके सक्सेना ने पहली रिपोर्ट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की सतर्कता मंत्री आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक सप्लिमेंट्री रिपोर्ट सौंपी है। इससे पहले दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार की प्रथम हष्टया मिलीभगत का आरोप लगाने वाली सतर्कता मंत्री आतिशी की रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उपराज्यपाल ने पहली रिपोर्ट पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए कहा था कि चीफ सेक्रेटरी ने डीएम के खिलाफ कार्रवाई की थी। आतिशी की रिपोर्ट में बताया कि चीफ सेक्रेटरी ने डीएम के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। कागज पर नूरा कुश्ती चल रही थी। सारे तथ्य जानते हुए भी डीएम को निलंबित नहीं किया गया। चीफ सेक्रेटरी ने डीएम को बचाने की पूरी कोशिश की। चीफ सेक्रेटरी के बेटे की कंपनी को फायदा मिला है। असलियत को सामने लाने के लिए सीबीआई-ईडी की जांच जरूरी है। जांच होने तक चीफ सेक्रेटरी को निलंबित करना जरूरी है। राज निवास के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि ऐसा लगता है कि यह पूरी तरह से मंत्री की पूर्व धारणाओं और अनुमानों पर आधारित है।
सरकार द्वारा उन्हें रिपोर्ट सौंपे जाने पर एक फाइल नोटिंग में सक्सेना ने कहा है कि रिपोर्ट चल रही जांच को सुविधाजनक बनाने के बजाय उसमें बाधा डाल सकती है।

### ईडी ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को भेजा कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली:** भारतीय चुनाव आयोग ने दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
आयोग ने दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उनके कथित बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सचदेवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग से केजरीवाल की छवि खराब किए जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद अब ये कार्रवाई की गई है।

## कैसे खत्म हो सकता है यमुना का प्रदूषण?




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में यमुना के प्रदूषण के लिए बढ़ते आबादी के बोझ और सीवेज को जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन, इसमें अधिक सच्चाई नहीं है। यमुना को प्रदूषित करने में उद्योगों का बढ़ा हाथ है। इनकी सही तरह से निगरानी नहीं की जा रही है। दिल्ली में जितने भी उद्योग हैं, उनके यहां सेंट्रल इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) ठीक से संचालित नहीं हो रहे हैं। जितनी मात्रा में वे गंदगी उत्सर्जित कर रहे हैं, उतनी मात्रा में उसका ट्रीटमेंट नहीं हो रहा है। यही वजह है कि केमिकल की मात्रा का पता नहीं चल पा रहा है और यमुना में झाग ही झाग दिखाई देता है।

**22 किलोमीटर के क्षेत्र में क्यों साफ नहीं हो रही यमुना?** हर साल वायु प्रदूषण की तरह यमुना के प्रदूषण की बात होती है, लेकिन कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया जा सकता है। 22 किलोमीटर के क्षेत्र में अगर राजधानी में यमुना को साफ नहीं कर पा रहे हैं, तो यह शर्मनाक है। यमुना एक्शन प्लान बनाने के बाद बढ़ी हुई आबादी का तर्क दिया जाता है। इसके लिए सीवेज व्यवस्था को बढ़ाया गया है। लेकिन, उस मात्रा में ट्रीटमेंट की व्यवस्था नहीं की गई है। दिल्ली का मास्टर प्लान तैयार होने के वक्त ही यह आकलन होना चाहिए। दिल्ली में अवैध कॉलोनियों की बसाहट की बात की जाती है, लेकिन यह उतना नहीं है। जितना बताया जा रहा है।

# दमघोंटू: जहरीली हवा से मुश्किल में दिल्लीवासियों की सांसें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब होती जा रही है। जिससे दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से चल रही ठंडी हवाओं के साथ पड़ोसी राज्यों से पराली का धुआं भी आ रहा है। साथ ही, स्थानीय कारक स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। ऐसे में अगले छह दिनों तक राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर से राहत की उम्मीद नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई क्षेत्रों में 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया है।
अशोक विहार में एक्यूआई 405, जहांगीरपुरी में 428, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 404, द्वारका सेक्टर 8 में 403 एक्यूआई दर्ज किया गया है। भारतीय प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान के मुताबिक, दिल्ली में प्रमुख सतही हवा आठ से चार किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चलीं। दिन में धूप खिली जिससे थोड़ी राहत मिली।

# एलजी सक्सेना ने देखी चांदनी चौक की बदहाल स्थिति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने चांदनी चौक के स्थलीय निरीक्षण में वहां की बदहाली देखी। सेंट्रल वर्ज पर हरियाली को घेरने के लिए लगाए गए बाड़ों के गायब होने के साथ टूटे गमलों को भी देखा। इसी तरह फव्वारा चौक के आस-पास अतिक्रमण देखा।
उपराज्यपाल का यह दौरा ऐसा वक्त में हुआ है जब चांदनी चौक की इस बदहाली को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में एक बार फिर से सिविक एजेंसियों को फटकार लगाई है। साथ ही इस मामले को लेकर दिए आदेश में दिल्ली सरकार को चांदनी चौक में विकास कार्यों को जारी रखने तथा हुए विकास कार्यों के रखरखाव को कहा है।
**दो बार पहले भी कर चुके हैं निरीक्षण:** वैसे, इसके पहले भी दो बार उपराज्यपाल चांदनी चौक का स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। तीसरे स्थलीय निरीक्षण में उनके साथ दिल्ली सरकार व दिल्ली पुलिस के साथ ही शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम के उच्चाधिकारी भी थे।
उपराज्यपाल अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा सीसगंज साहिब भी गए और मत्था टेका।

# तेज रफ्तार वरना कार चालक ने बस और मेट्रो के पिलर में भी टक्कर मारी थी

**रफ्तार का कहर**

**8 रेस्तरां से लेकर टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बैंड की दुकान तक स्कूटी को घसीटता हुआ लेकर गया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजौरी** गार्डन थाना इलाके में स्कूटी को टक्कर मारने से पहले तेज रफ्तार वरना कार चालक ने बस और मेट्रो के पिलर में भी टक्कर मारी थी। चश्मदीदों की माने तो कार चालक काफी लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। स्कूटी में टक्कर मारने से पहले उसने सड़क किनारे खड़ी डीटीसी बस और मेट्रो पिलर में भी टक्कर मारी थी। इसके बाद उसने स्कूटी को टक्कर मारी व रेस्तरां से लेकर टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बैंड की दुकान तक स्कूटी को घसीटता हुआ लेकर गया।
**क्या बोले चश्मदीद:** जब सुमित को बताया गया कि दुर्घटना में घायल हुए आठ महीने के बच्चे की भी मौत हो गई है तो उन्होंने कहा कि हम वहां पर जितनी जल्दी कर सकते थे, हमने की। कार के गुजरने के बाद इतना भयावह मंजर हो गया था कि सड़क पर दूर तक खून पड़ा हुआ था। एंबुलेंस का इंतजार करने का समय ही नहीं था। इसलिए रास्ते से गुजरने वाली गाड़ियों को रुकवाया गया व जल्दी से जल्दी घायलों को अस्पताल भिजवाने की कोशिश की गई।

# सात महीने बीते, लेकिन डीयू में नियुक्त नहीं हो सका लोकपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
छात्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने लोकपाल की नियुक्ति के निर्देश दिए थे। दिल्ली विश्वविद्यालय ने लोकपाल की नियुक्ति पर सहमति जताई थी। लेकिन, सात महीने बीत चुके हैं, अभी तक लोकपाल की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को आने वाली समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई एक व्यवस्था नहीं है। उन्हें अलग-अलग स्थानों पर चक्कर काटने पड़ते हैं।

# दिल्ली जल बोर्ड अरविन्द केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी ने आज दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिति में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड अरविन्द केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है और इसका ओडिट ही नहीं इसकी न्यायिक जांच की आवश्यकता है। पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता सरदार ज्योतजित सिंह एवं शुभेनदू अवस्थी भी उपस्थित थे। मनोज तिवारी ने कहा कि 1998 में दिल्ली जल बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य था कि यह बोर्ड स्वयं अपना मूलभूत ढांचा तैयार करेगा और अपने राजस्व से अपने खर्चे चलायेगा। दिल्ली सरकार इसको केवल बड़ी प्लान हेड योजनाओं के लिये आर्थिक संसाधन उपलब्ध करायेगी। यह खेद का विषय है कि 1999 से 2013 तक कांग्रेस की श्रीमती शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के संसाधनों की लूट मचाई और जल बोर्ड को टैंकर माफिया के सामने गिरवी रख दिया जिसके परिणाम स्वरूप 2013-14 के अंत में दिल्ली जल बोर्ड पर लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की देनदारी खड़ी हो गई। 2015 में सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने 14 लाख घरों को नल से जल देने का सपना दिखाया और फिर 2020 में हर घर को जल देने का सपना दिखाया पर दिल्ली की जल उपलब्धता बढ़ाने के लिये कोई काम नहीं किया। 2013-14 में दिल्ली में 850 एम.जी.डी. पानी उपलब्ध था, राष्ट्रपति शासन के दौरान 2014 में ओखला में 100 एम.जी.डी. पानी का प्लांट लगा जिसके बाद दिल्ली में 950 एम.जी.डी. पेय जल की उलब्धता बनी। सांसद तिवारी ने कहा कि हर घर को पानी देने का सपना दिखाने वाली केजरीवाल सरकार ने जनता को किस तरह धोखा दिया है इसका एक प्रमाण है कि आज दिल्ली में 1350 एम.जी.डी. पेय जल की आवश्यकता है जबकि उपलब्धता मात्र 950 एम.जी.डी. की है। यह खेद पूर्ण है कि लगभग 9 वर्ष के शासन में केजरीवाल ने पेय जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिये कोई प्रयास नहीं किये हैं और दिल्ली आज भी टैंकर माफिया की शिकार है। तिवारी ने कहा कि विगत 5 वित्त वर्षों में दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड को 12,700 करोड़ रुपए के ऋण एवं अनुदान दिये हैं पर इस पैसे का कोई हिसाब-किताब नहीं है।







# 'नए वोटर जोड़ने को लेकर अधिकारी और करें मेहनत'

## वर्चुअल समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपायुक्तों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश, स्कूल, कॉलेजों में नए वोटर जोडने.में करें काम: उपायुक्त, अधिकारियों को अपलोड करना होगा नये वोटर का डाटा

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा के** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रैंस के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की व ज्यादा से ज्यादा युवाओं के नए वोट बनाने की गति को बल देने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्तों से इस कार्य के प्रति गंभीर होने व सभी सोर्स की मदद लेकर इस कार्य में और अधिक रूचि लेने के लिए कहा। उन्होंने सभी उपायुक्तों को सुझाव दिया कि वे प्रतिदिन 1 घंटा इस कार्य को दें ताकि चुनाव के समय परेशानी का सामना ना करना पड़े।



उन्होंने वोटर लिस्ट से संबंधित डाटा तैयार करने व कार्यालय भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा की कि क्या कारण है कि नए मतदाता का रेशो बढने. की बजाय कई जिलों में कम क्यों है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वर्चुअल बैठक में उपायुक्तों से अब तक कितने नए वोट बने हैं के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने सभी उपायुक्तों से आह्वान किया कि वे चुनाव से संबंधित डाटा शीघ्रता से कार्यालय में पहुंचाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आश्वस्त किया कि जिले में नए वोट बनाने का कार्य जोरो से चल रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में बीएलओ जाकर वोट बना रहे हैं। डोर-टू-डोर वोट बनवाने का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ उन वोटर का भी ब्यौरा जुटा रहें हैं जो अन्य स्थानों पर स्थापित हो गए हैं। बीएलओ द्वारा उन वोटरों पर भी ध्यान दिया जा रहा है जिनकी मृत्यु हो चुकी है।
उपायुक्त ने समीक्षा बैठक के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ कार्य की मोनिट्रिंग भी करें व जो बीएलओ रूचि लेकर कार्य नहीं कर रहें व जिनकी अब तक की प्रगति रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है उन पर कार्यवाही करें।
उपायुक्त ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे नए वोटर बनवाने को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। स्कूल, कॉलेजों में नए वोट बनाने को लेकर शिविरों का आयोजन कर युवाओं को वोट बनवाने के प्रति प्रेरित करें। बैठक में एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम राजेश सोनी, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा के अलावा जिला चुनाव कार्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 'बच्चों को संस्कारित बनाने के लिए नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता'

## हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्त्व को लेकर जागरूक किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
**गुणवान बच्चे** देश की सच्ची सम्पति हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए भौतिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता हैं। नैतिक शिक्षा से ही चरित्र का निर्माण होता है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से पधारे हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में सभी छात्राओ और शिक्षक को जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्त्व विषय पर बोल रहे थे। ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहा कि बच्चो को संस्कारित बनाने के लिए भौतिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा की आवश्यकता हैं।
नैतिक शिक्षा से नैतिकता आएगी।वर्तमान में बच्चो को अच्छे संस्कार कि आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज सुधार के लिए नैतिक मूल्य जरूरी है। नैतिक शिक्षा की धारणा से, आंतरिक सशक्तीकरण से इच्छाओं को कम कर भौतिकवाद की आंधी से बचा जा

**नैतिक शिक्षा पर बल**

**8 ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहा कि बच्चो को संस्कारित बनाने के लिए भौतिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा की आवश्यकता हैं**

सकता है। नैतिक शिक्षा से ही सदगुणों का विकास होता है । नैतिक शिक्षा बच्चों को संस्कारों से जोड़ती है। ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र की संचालिका बी के अर्चना ने कहा कि जिन बच्चों को बचपन से ही सच बोलना, सहयोग करना, दया करना, निष्पक्षता, आज्ञापालन, राष्ट्रीयता, समयबद्धता, सहिष्णुता, करुणा, आदि मानवीय गुणों को सिखाते है उन्हीं बच्चों में बाद में चलकर ये ही गुण पुष्पित, पल्लवित, व विकसित होकर चरित्र निर्माण में सहायक होते है`
प्रिंसिपल उषा मालिक, डायरेक्टर रीटा नागपाल, प्रबंधक संजय नागपाल ने आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### जेल में बैठे फिरौती मांगने के मामले में अंबाला एसटीएफ ने करवाई 6 पर एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार) प्रदेश** में अपराध तेजी से बढ़ते जा रहे है लेकिन पुलिस भी अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसने में जुटी हुई है। इस दौरान आरोपी आए दिन नए-नए तकनीके अपनाकर अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। ऐसे में अपराधी पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।
रळऋ ने लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई और गैंगस्टर गोल्डी बराड़ समेत 6 गैंगस्टरों के खिलाफ कुरुक्षेत्र में मुकदमा दर्ज कराया है। हरियाणा की अंबाला स्पेशल टास्क फोर्स ने लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा, लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई, सतेंद्र उर्फ गोल्डी बराड़, भानू प्रताप उर्फ आशु, प्रिंस और सूर्य प्रताप उर्फ नोनी के खिलाफ कुरुक्षेत्र के सदर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अंबाला रळऋ यूनिट के अरक राजन ने बताया कि उनकी टीम मोस्ट वांटेड गैंगस्टर की तलाश में लाडवा-पिपली रोड के सिरसमा मोड़ पर गश्त पर तैनात थी। इस बीच गुप्त सूचना मिली कि लॉरेंस गैंग से जुड़ा गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा तिहाड़ जेल में बंद है। विदेश में बैठे लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई व सतेंद्र उर्फ गोल्डी बराड़ से सोशल मीडिया पर भी संपर्क में रहता है।
विदेश में बैठे करनाल के गांव सांभली निवासी भानू प्रताप उर्फ आशु और गांव औंगद (करनाल) निवासी प्रिंस से कुरुक्षेत्र, अंबाला, लाडवा, यमुनानगर और कैथल के इमिग्रेशन सेंटर, पंचकूला एरिया में क्लब के संचालकों के पास फिरौती के लिए कॉल कराता है। गैंगस्टर काला राणा धमकी देकर फिरौती मांगता है और फिर आपस में बांट लेता है। अगर, कोई व्यापारी धमकी के बावजूद फिरौती नहीं देता तो उसके ठिकानों पर फायरिंग करता है।

### हादसे में बाइक सवार घायल, बस चालक पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** सड़क किनारे बिना पार्किंग लाइट के खड़ी उत्तराखंड रोडवेज की बस में बाइक चालक जा भीड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद उसे मुलाना मेडिकल कॉलेज भर्ती करवाया गया। पुलिस ने घायल के बयान पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घसीटपुर निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। कृष्ण ने बताया कि वह 9 नवंबर की सुबह अपनी बुआ के घर गांव रोला खेड़ी में शादी में शामिल होने के लिए गया था। रात पौने 9 बजे अपने मामा के घर गांव रुकड़ी जा रहा था। कृष्ण ने बताया कि जब वह अपनी बाइक पर गांव दोसड़का रोड पर संगम ढाबा के निकट पहुंचा तो बिना पार्किंग लाइट के उत्तराखंड रोडवेज की बस खड़ी थी। बस पर रिफलेक्टर टेप तक नहीं लगी थी। सामने से गाड़ी की तेज लाइट पड़ने के कारण उसे बस दिखाई नहीं दी और उसकी बाइक की टक्कर पीछे बस में लगी।

### 23 को रोजगार मेले का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला रोजगार** अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार विभाग द्वारा वीरवार 23 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में लगभग 5 से 7 कम्पनियां हिस्सा लेंगी जिनमें पुखराज हेल्थ केयर, श्री श्याम बायो फर्टीलिजेर्स, ब्लू स्टार, एलआईसी, फिल्ड किंग, ग्रो इंडिगो आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि इन कम्पनीयों से प्राप्त रिक्तयों के विरूद्ध साक्षात्कार हेतु इच्छुक युवाओं को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय पानीपत, कमरा नम्बर- 420, चतुर्थ तल, लघु सचिवालय में यह भर्ती शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस भर्ती शिविर का समय प्रातः10 बजे से सांय 2 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम दंसवी, 12वीं, आईटीआई (फिटर), स्नातक पास और जिनकी उम्र 18 से 35 साल हो अपने सम्बंधित दस्तावेजों पासपोर्ट साईज फोटो ओर रोजगार पंजीकरण संख्या सहित उक्त स्थल पर समय अनुसार पंहुचकर इस भर्ती शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

# महामंडलेश्वर ने महंत विनोद गांधी चौकी के आयोजक डा. पवन अरोड़ा के सहयोग से दीप जलाकर किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नगरपालिका** रोड स्थित तारा गार्डन में महामाई का भव्य चौकी का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने मां की महिमा पर आधारित भेंटें सुनीं। गणेश वंदना के साथ मां की चौकी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण का महामंडलेश्वर अंजनी देवा ने महंत विनोद गांधी महामाई की चौकी के आयोजक डा. पवन अरोड़ा व उनकी धर्मपत्नी



मीनाक्षी अरोड़ा के सहयोग से दीप जलाकर शुभारम्भ किया। मशहुर गायक गौरव वर्मा ,विनोद गांधी ,दिलीप चोपड़ा, शंकर अनुरागी एंड पार्टी ने देवी देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां पेश कर समां बांधा। मां के भजनों को श्रवण कर भक्तजन झूमने को विवश हो गए। इस मौके पर मां की महिमा का गुणगान कर मां से प्रार्थना करते हुए कहा कि सब लोग सुख शांति व खुशहाली के साथ अपना जीवन जीए वे क्षेत्र की सुख शांति की कामना करती है। महामंडलेश्वर अंजनी देवा ने भक्तों को प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए कहा कि महामाई को ज्योतांवाली माता के नाम से संबोधित किया जाता है।

# किसान कृषि यंत्रों के बिल 30 नवंबर तक जमा करवायें: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि
फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए विभाग के पोर्टल पर 22 अगस्त तक आवेदन स्वीकार किये गये थे। जिन किसानों का प्रमाण पत्र जारी हो गया था उन किसानों ने अभी तक सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में बिल जमा नहीं करवाये हैं उन किसानों को विभाग ने अंतिम मौका दिया है वे कृषि यंत्रों के बिल सहायक

**अनुदान**

**8 बिल जमा नहीं करवाये हैं उन किसानों को विभाग ने अंतिम मौका दिया**

कृषि
अभियंता कार्यालय नई अनाज मंडी में 30 नवंबर तक जमा करवा सकते हैं। किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य डबास ने बताया कि इसके संदीर्ा में किसान सहायक कृषि अभियंता नई अनाज मंडी में भी सर्म्पक कर सकते हैं।

# सतकुंभा पर विशाल कुश्ती दंगल 26 को व 27 को कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगेगा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**सिद्धपीठ** तीर्थ सतकुंभा धाम पर कार्तिक पूर्णिमा का भव्य मेला 26 नवंबर को लगेगा । मेले में विशाल कुश्ती दंगल आयोजित करवाया जाएगा और 27 को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान होगा व मेला लगेगा । यह जानकारी सतकुंभा धाम के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने दी है। सूरज शास्त्री ने बताया कि महंत राजेश स्वरुप महाराज के परम सांनिध्य में कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए आने वाले भक्तों की सेवा के लिए पूरी सेवादल टीम सेवा में लगी है। व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से करने के लिए हर पहलू पर काम किया जा रहा है।



हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की फ्री सेवा की जाएगी। यह हिन्दुओं एवं सिक्खों का बहुत ही पवित्र दिन है। जिससे तीर्थ एवं नदियों के स्नान का बहुत बडा महत्व है। तीर्थ सतकुम्भा पर स्नान को करने के लिए आसपास के 120 से अधिक गांवों एवं दूर दराज के जिलों एवं अन्य राज्य उत्तर प्रदेश, उतराखंड, पंजाब, चंडीगढ, दिल्ली से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना एवं स्नान के लिए आएंगे । श्रद्धालुओं के लिए अनंत भंडारे की सेवा रहेगी।
मुख्य श्रद्धालु भगत सर्वश्री कोलसिंह, चुहङ सिंह, रामपाल सिंह, जनैश्वर छौक्कर द्वारा अन्नत भण्डारे की सेवा समस्त ग्राम के सहयोग से प्रदान की जाएगी।

# नशीला पदार्थ डोडा पोस्त सप्लायर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्पेशल** स्टॉफ असंध द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी चौगामा असंध को डेरा छीना के पास खिजराबाद से गिरफ्तार किया गया था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 560 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह यह डोडा पोस्त कैथल के मांडवाल के भूपिंदर सिंह उर्फ कीडा पुत्र मलकीत सिंह से लेकर आया था। मामले में आगे की कार्यवाही करते हुए उपरोक्त नाम के आरोपी को टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर 20 नवंबर को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।

# आज होगी पिपली में किसानों की जन आक्रोश रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पिपली मे** किसान अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर से बड़ी रैली करेंगे जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से भारी संख्या में किसान भाग लेंगे। इस रैली को लेकर पिछले लंबे समय से किसान विभिन्न गांवों में जाकर सभाएं कर रहे थे और संपर्क कर रहे थे। भारतीय किसान यूनियन चढुनी ग्रुप द्वारा आयोजित इस रैली को लेकर किसानों में भी भारी उत्साह है। किसानों का कहना है कि रैली से वह अपनी मांगे सरकार तक पहुंचाने में कामयाब होंगे। भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ग्रुप संयुक्त गन्ना संघर्ष कमेटी सहित

**रैली**

**8 भारतीय किसान यूनियन चढुनी ग्रुप द्वारा आयोजित इस रैली को लेकर किसानों में भी भारी उत्साह है**

अन्य किसान नेताओं ने अंबाला के दर्जनों गांवों का दौरा किया था जिनमें गांव डौकला, पटवी, धनौरा, फिरोजपुर, रामपुर, कोडवा खुरर्द, नगला नानकू सहित अनेक गांव शामिल थे।
इससे पहले गुरनाम सिंह चढूनी कह चुके है कि भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) आज कुरुक्षेत्र के पिपली में जन आक्रोश रैली कर रही है, जिसमें देशभर से किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा व महिलाएं भाग लेंगी। चढूनी ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव में कमेटी बनाने का आह्वान किया।
उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि धान खरीद के सीजन के दौरान फर्जी पोर्टल दर्ज करके करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है, जिसके लिए सीधे तौर पर मार्केटिंग बोर्ड, रेवेन्यू विभाग, खरीद एजेंसियों सहित फर्जी तौर पर बनाई गई फर्म भी शामिल है।
उन्होंनें कि भाकियू (चढूनी) सरकार से मांग करती है कि फर्जी गेट पास घोटाले व राइस मिलों में धान के करोड़ों रुपए के फजीवाड़ें की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। इस मामले में जो भी अधिकारी व खरीद एजेंसी दोषी हो उनको तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए।
गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार अपनी मांगों को लेकर किसान संघर्ष कर चुके है। यहां तक की तीनों कृषि कानूनों के विरोध में भी किसानों द्वारा एक लंबा संघर्ष किया गया था जिसके चलते कई महीनों तक किसान दिल्ली के विभिन्न बोर्डों सहित अनेक स्थानों पर धरने प्रदर्शन करते रहे और सरकार को किसानों की मांग भी माननी पड़ी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को दी जानकारी






**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत अंबाला शहर के निकटवर्ती गांव रूपोमाजरा व सारन में एलईडी युक्त रथों पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दशार्या गया। इस दौरान अनेक ग्रामीणों ने इन रथों को देखते हुए विभिन्न योजनाओ की जानकारी ली।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न स्थानों पर आज सरकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा लोगों के स्वास्थ्य जानने हेतू शिविर भी आयोजित किए गए। रूपोमाजरा में ग्रामीणों ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उन्हे आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, पीएम सवनिधि योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई है। यहां पर मोटा अनाज संबंधी स्टोर भी लगए गए तथा उन्हें बताया गया कि मोटे अनाज का प्रयोग कर स्वस्थ्य रहा जा सकता है। साथ ही अनेक लोगों को उज्जवला योजना की जानकारी भी दी गई। हिन्दूस्तान गैस सर्विस से रणधीर सिंह ने ग्रामीणों को उज्जवला योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनेक ग्रामीणों से विभिन्न दस्तावेज लेते हुए उनके उज्जवला योजना के तहत फार्म भरे गए है। जल्द ही उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिलेगा।
इसी प्रकार अंबाला छावनी के बोह में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रवासियों को सरकारी की विभिन्न योजनओं की जानकारी दी गई। अनेक लोगों ने इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि आज उन्हें यहां आकर अनेक जाकारियां हासिल हुई।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया।

# अंबाला छावनी में एयर शो का आयोजन आज

## एयर शो को लेकर सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) उपायुक्त डा.** शालीन ने बताया कि आज व कल वायुसेना द्वारा अम्बाला छावनी में आयोजित होने वाले एयर शो को लेकर सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। आमजन इसका लाभ उठाएं। एयर शो के दौरान वायु सेना के जहाजों द्वारा विभिन्न कलाएं प्रदर्शित की जाएंगी। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में इस आयोजन को लेकर जो तैयारियां की गई हैं, उनकी समीक्षा कर रहे थे।
उन्होंने ने आमजन से अपील की कि वे एयर शो के दौरान अपने साथ किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री न



लेकर आएं। इसके साथ-साथ वह अपने साथ प्लास्टिक की बोतलें भी न लाएं। उन्होंने कहा कि कईं बार खाद्य सामग्री वहां पर रह जाती है, जिसके चलते पक्षी उस खाद्य सामग्री को लेकर हवा में ले जाते हैं जोकि सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है। उन्होंने नगर परिषद् के प्रशासक को भी कहा कि कार्यक्रम स्थल के एक किलोमीटर के नजदीक यदि कहीं पर कुड़ा कर्कट है, तो उसे वहां से उठवाना सुनिश्चित करवाएं।
उपायुक्त ने बैठक में यह भी कहा कि कार्यक्रम के दृष्टिगत धारा 144 के आदेश जारी किये गये हैं, किसी भी प्रकार के ड्रोन व पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध है, आमजन इन नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 10:30 से 12 बजे तक दोनो दिन यह कार्यक्रम आयोजित होगा।
आमजन घरेलू हवाई अड्डे के मैदान में खड़े होकर इस एयर शो का आनन्द ले सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिये पुलिस विभाग, वायु सेना के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# देसी गाय की खरीद पर मिलेगा किसानों को अनुदानः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**सरकार** द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रुपए तक अनुदान देने और जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम किसानों को उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ-साथ स्वदेशी गाय खरीदने में मदद मिलेगी। डीसी ने कहा कि देश में हरियाणा पहला राज्य है, जहां प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल की गई है। प्राकृतिक खेती का मूल उद्देश्य खान-पान को बदलना है। प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन प्लांट लगाने वाले किसानों के लिए पोर्टल बनाया जाएगा। इस पर जमीन की पूरी जानकारी देने के साथ-साथ किसान स्वेच्छा से फसल विविधीकरण अपनाने के बारे में जानकारी देंगे। प्राकृतिक खेती के तहत किसी भी तरीके के कृषि रसायन या उर्वरक का प्रयोग नहीं किया जाता है, बल्कि इसकी पूरी प्रक्रिया प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर करती है। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# निगम पार्कों में बांधे जाते हैं पशु, पार्षद को नहीं खबर







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**त्रिनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर के वार्ड नंबर-62 स्थित के ब्लॉक के महर्षि दुर्बल नाथ निगम का पार्क सालों से उद्यान विभाग व निगम के संबंधित शासन-प्रशासन की लापरवाही का दंश झेल रहा है।

**देख-रेख के अभाव में पार्क की हरियाली भी गायब:** देख-रेख के अभाव व पानी की उचित व्यवस्था न होने के चलते पार्क की हरियाली गायब है और निगम यहां पौधारोपण के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा। निगम की ओर से अभी तक पार्क में कोई माली भी तैनात नहीं किया गया है।

पौधारोपण न होने से यहां की सुंदरता खत्म हो गई है। आज हालात यह हैं कि इन पार्कों की घास और पेड़-पौधे सूख चुके हैं। जहां हरियाली होना चाहिए वहां धूल उड़ती नजर आती है। अब यह पार्क सैर के लायक नहीं बचा है, क्योंकि यह पार्क बस अब पूरी तरह नशेड़ियों का अड्डा बन चुका हैं।

**बांधे जाते हैं पशु, होता है निजी इस्तेमाल:** मिली जानकारी के अनुसार, रख-रखाव के अभाव में पार्क अपना स्वरूप खो चुका हैं। अब यह केवल नाम का ही पार्क रह गया है। यहां कोई सैर करने तो जाता नहीं, दिन भर नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। वहीं आस-पास के लोगों ने अपने पशुओं को भी बाँधना शुरू कर दिया है, इतना ही नहीं टेंट वालों द्वारा अपना टेंट का सामान भी रखा जाता है।



राजीव नगर एक्सटेंशन भलस्वा डेरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दौरान निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा व अन्य।

## त्रीनगर: जनहित में कार्य कर रही है भाजपा: राधेश्याम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित त्रीनगर के वार्ड नंबर-63 में रहने वाले व भाजपा नेता राधेश्याम गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। भाजपा का सपना है भ्रष्टाचार मुक्त और सशक्त भारत हो अपना। गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता से जो भी वादे किए हैं, उन वादों पर महेशा ही खरी उतरी हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार आने से देश का मान बढ़ा हैं और आज भारत जिस मुकाम पर है वह पार्टी की नीतियों की वजह से है। भाजपा व मोदी जी ने अभी तक जो भी फैंसले लिए है



वह देशहित को देखते हुए लिए गए है। पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आज भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

## सुल्तानपुरी: भाजपा लूट रही है लोगों की मेहनत की कमाई: आरडी खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में मंहगाई** ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है।

गौरतलब है कि देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है। सुल्तानपुर



माजरा विधानसभा से विधानसभा उपाध्यक्ष आरडी खान ने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन

**निशाना साधा**

8 जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन बीजेपी सरकार उनकी मेहनत की कमाई को लूटने में लगी हुई है।

बीजेपी सरकार उनकी मेहनत की कमाई को लूटने में लगी हुई है। भाजपा ने हमेशा ही जनता के साथ छल किया है, भाजपा को बस वोट बैंक की राजनीति से मतलब है, कोई जिए या मरे इस बात से मोदी सरकार को कोई सरोकार नहीं है।

# बेटी शिवानी ने किया बुराड़ी विधानसभा का नाम रोशन: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंटरनेशनल एशिया** कप रसिया में सिल्वर और गोल्ड दोनों पदक जीतने वाली भारत की बेटी शिवानी ने भारत के गौरव को बरकरार रखते हुए करावल नगर जिला के बुराड़ी विधानसभा और मुकुंदपुर वार्ड का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। बेटी शिवानी को आशीर्वाद देने पहुंचे कांग्रेस पार्टी के जुझारू जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, राम श्रीवास्तव पूर्व निगम प्रत्याशी मुकुंदपुर वार्ड, भाई देवेंद्र काकू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जेजे सैल, श्याम सिंह पूर्व निगम प्रत्याशी मुकंदपुर वार्ड, कपूर सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष करावल







नगर किसान कांग्रेस, कुलदीपक जोशी, राकेश गोस्वामी कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी राजू गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंदपुर वार्ड ओबीसी चंदन चौबे, युवा नेता हिमांशु, अनुराग युवा नेता कांग्रेस एवं मुकुंदपुर वार्ड के गण मान्य व्यक्तियों एवं समाज सेवियों ने बेटी शिवानी को अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनकर अपना आशीर्वाद दिया और बेटी शिवानी के उज्जवल भविष्य की कामना की शिवानी ऐसे ही भारत वर्ष का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ाती रहें।

## घर सुरक्षित होगा तभी घरवाले सुरक्षित होंगे: दयानन्द वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार** के रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) द्वारा दिल्ली में आवास निर्माण से संबंधित जारी अधिसूचना का राष्ट्र हितैषी समाज बरवाला दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने स्वागत किया है। रेरा के आदेश को वत्स ने दिल्ली में आवासीय सुरक्षा और ढांचागत मजबूती के लिए मील का पत्थर बताया है।

दयानन्द वत्स ने कहा कि रेरा का आदेश कहता है कि घर सुरक्षित होगा तभी घरवाले सुरक्षित होंगे। रेरा की यह अधिसूचना जनहित में है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# सभी भक्त ध्यानपूर्वक करें कथा का श्रवण: बाबूलाल जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी इलाके** के ई ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर समाजसेवी छोटे लाल जी और गौरी शंकर माहौर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान वर्षा का आयोजन श्री जय दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 26 नवंबर तक चलेगी। कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

इस मौके पर कथा व्यास पंडित श्री बाबूलाल ने उपस्थित भक्तों को कथा का महत्व बताया और कहा कि सभी को कथा का श्रवण ध्यानूपूर्वक करना चाहिए और







कथा में बताई हुई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए। इस अवसर पर छोटेलाल, रामेश्वर, राम खिलाड़ी, गौरी शंकर माहौर, बलदेव वोहरा, विशंभर, बंगाली बाबू, किशोरी लाल, बृजमोहन, इंद्र कुमार, विजय बंगाली, महेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनोद लखिया, विजेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, एडवोकेट योगेश लखिया, राजपाल साहू, कुकना भाई, राजेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर गौरी शंकर माहौर ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

# यादव शौर्य दिवस मनाने को लेकर हुई यादव समाज की बैठक









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के नरेला** में अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सागर यादव के कार्यालय पर 25 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित होने वाले यादव शौर्य दिवस को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव सागर यादव ने की। इस दौरान यादवों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव का स्वागत किया। इस मीटिंग में अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, मीडिया प्रभारी तीरथ यादव, देवा यादव, भुनेश्वर यादव, संजीव यादव, सूरज यादव, अनीता यादव, धनेश्वर यादव, सुनील यादव, विजय कुशवाहा, सुजे यादव, सचिन यादव, लालू यादव, संजय यादव, देवेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बताया कि मैं देश के यादवों से अपील करता हूं कि सभी यादव समाज के लोग 25 नवंबर को जंतर-मंतर पर पहुंचे। नरेला के सभी लोगों ने विश्वास दिलाया कि हम बहुताय की संख्या में पहुंचेंगे ताकि सेना में जल्द से जल्द अहीर रेजीमेंट का गठन हो सके।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 23 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 7.16 लाख करोड़ की परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

## यूपी: निवेश के मामले में मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में

**निवेश धरातल पर...**

**18 मंडलों में मेरठ मंडल अव्वल, धरातल पर उतरने को तैयार ढाई लाख करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में फरवरी माह में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का परिणाम सरकार की सोच से भी कहीं ज्यादा उत्साहवर्धक साबित हुआ है। लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को अब धरातल पर उतारने के प्रयास शुरू हो गये हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी योगी सरकार के प्रयासों से 7.16 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में उद्योग जगत ने बेहतरीन संभावनाएं देखते हुए निवेश करने का फैसला लिया है। हालांकि सभी मंडलों में निवेशकों की रुचि अलग अलग ही देखने को मिली है। क्रियान्वयन के लिए तैयार निवेश में प्रदेश के टॉप फाइव मंडलों में क्रमशः मेरठ, झांसी, मीरजापुर, लखनऊ और वाराणसी हैं।

**किस मंडल में धरातल पर उतरने जा रहा कितने का निवेश:**
मंडलवार बात की जाए तो मेरठ मंडल में सर्वाधिक 2,55,097 करोड़, इसके बाद झांसी मंडल में 91,128 करोड़, मीरजापुर मंडल में 85,104 करोड़, लखनऊ मंडल में 48,770 करोड़, वाराणसी मंडल में 37,372 करोड़, बरेली मंडल में 35,322 करोड़, अयोध्या मंडल में 23,921 करोड़, आगरा मंडल में 23,706 करोड़, कानपुर मंडल में 22,992 करोड़, मुरादाबाद मंडल में 17,833 करोड़, प्रयागराज मंडल में 17,780 करोड़, गोरखपुर मंडल में 15,600 करोड़, सहारनपुर मंडल में 12,413 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 9,873 करोड़, चित्रकूट मंडल में 9,213 करोड़, देवीपाटन मंडल में 3,954 करोड़, आजमगढ़ मंडल में 3,400 करोड़ और बस्ती मंडल में 3,018 करोड़ रुपए के निवेश क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं।

## बुंदेलखंड-पूर्वांचल पर रंग लाई योगी सरकार की मेहनत

**कभी** बुंदेलखंड और पूर्वांचल यूपी के सबसे पिछड़े इलाके माने जाते थे। योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद से ही इन दोनों क्षेत्रों पर विशेष फोकस करते हुए विकास कार्यों को लेकर रणनीति बनाना शुरू किया। बीते छह साल में पूर्वांचल और बुंदेलखंड रीजन से ना सिर्फ डकैतों, माफिया और रंगदारों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया, बल्कि बेहतर कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी विकसित करते हुए पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इन प्रयासों का परिणाम अब धरातल पर उतरने जा रहे निवेश के रूप में दिखने जा रहा है।

**क्रियान्वित**

**झांसी और चित्रकूट मंडल में 1 लाख करोड़ से भी ज्यादा का निवेश क्रियान्वित होने के लिए तैयार**

बुंदेलखंड रीजन के अंतर्गत आने वाले झांसी और चित्रकूट मंडल में 1 लाख करोड़ से भी ज्यादा का निवेश क्रियान्वित होने के लिए तैयार है। इस मामले में भी झांसी मंडल प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसी प्रकार पूर्वांचल क्षेत्र में मीरजापुर और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में शामिल है, इसके अलावा गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल में भी भारी भरकम निवेश धरातल पर उतरने के लिए तैयार है। जाहिर है उद्योग जगत को योगी शासन में इन इलाकों में व्यवसाय करने में अब कोई परेशानी नहीं दिख रही है। यही नहीं जिन इलाकों में कभी शाम ढलने के बाद लोग घर से बाहर निकलने से भी डरते थे, वहां उद्योग धंधे स्थापित करने का माहौल बनाने में योगी सरकार को बड़ी सफलता मिली है। सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में धरातल पर उतरने जा रहा निवेश इसकी गवाही देता है।

**फास्ट न्यूज**

## भारतीय जल सीमा से पकड़ी पाकिस्तानी बोट

**अहमदाबाद:** अरब सागर में गश्त के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली एक नाव को भारतीय कोस्ट गार्ड ने पकड़ा है। पाकिस्तानी नाव पर सवार मछुआरों ने मछली पकड़ने के बहाने भारतीय जल क्षेत्र में लगभग 15 किमी. अंदर घुसपैठ की थी। नाव को ओखा बंदरगाह लाया गया है, जहां पाकिस्तानी मछुआरों से विभिन्न एजेंसियां गहन जांच और संयुक्त पूछताछ कर रही हैं।
गुजरात के रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि भारतीय कोस्ट गार्ड का जहाज आईसीजीएस अरिंजय नियमित गश्त पर था। भारतीय जवानों ने मंगलवार को अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास गश्त के दौरान एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को देखा। यह नाव भारतीय जल क्षेत्र में लगभग 15 किमी अंदर घुसपैठ करके आ गई थी। चेतावनी दिए जाने पर नाव पाकिस्तान की ओर भागने लगी, लेकिन आईसीजी जहाज ने नाव को भारतीय जल सीमा में रोक दिया। प्रवक्ता के अनुसार जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि पाकिस्तानी बोट का नाम पीएफबी नाज-रे-करम है और इसकी पंजीकृत संख्या 15653-बी है। यह नाव 19 नवंबर को 13 चालक दल के साथ कराची से रवाना हुई थी। पाकिस्तानी चालक दल ने भारतीय आईसीजी अधिकारियों के सामने धोखे से भारतीय जल क्षेत्र में आने की बात कही, लेकिन इसे उचित नहीं ठहराया जा सका। इसके बाद नाव को संयुक्त पूछताछ के लिए ओखा बंदरगाह लाया गया है, जहां विभिन्न एजेंसियां गहन जांच और पूछताछ कर रही हैं।

## दिवाली छुट्टियों में पर्यटकों से गुलजार रहे गुजरात के पर्यटन स्थल

**गांधीनगर।** गुजरात के पर्यटन स्थलों के प्रति देश और दुनिया के सैलानियों का एक अनूठा आकर्षण है। इस वर्ष दिवाली की छुट्टियों के दौरान 11 से 20 नवंबर, 2023 तक 10 दिन में 42 लाख 75 हजार 952 लोगों ने राज्य के 18 पर्यटन आकर्षणों एवं यात्राधामों का रुख किया।
गुजरात के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर ले जाने और पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए गुजरात सरकार विभिन्न पर्यटक स्थलों पर ढांचागत सुविधाएं विकसित की हैं। 11 से 20 नवंबर की अवधि बड़ी संख्या में लोग स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, स्मृति वन, सीमा दर्शन-नड़ाबेट, गिरनार रोप-वे, सासणगिर और देवलिया पार्क, दांडी स्मारक, सूर्य मंदिर, रानी की वाव (बावड़ी), सोमनाथ मंदिर, अंबाजी मंदिर, पावागढ़ मंदिर, द्वारका मंदिर, साइंस सिटी-अहमदाबाद, अटल ब्रिज, कांकरिया तालाब, वडनगर, डायनासोर पार्क तथा अहमदाबाद मेट्रो रेल जैसे गुजरात के प्रसिद्ध पर्यटन आकर्षणों का आनंद उठाने पहुंचे।

## 'सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है कांग्रेस सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/ टोंक/पाली/जोधपुर**
मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाईं। किसानों की जमीन की कुर्की रोकने के लिए कानून, राइट टू हैल्थ, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, न्यूनतम आय गारंटी, युवाओं के लिए अनुप्रति कोचिंग योजना, राजीव गांधी स्कॉलरशिप स्कीम, महिलाओं के लिए निशुल्क स्मार्टफोन, रोडवेज में आधा किराया, किसानों के लिए अलग बजट पेश किया, 12 मिशन बनाए, सरकारी कार्मिकों के लिए आरजीएचएस, ओपीएस बहाली सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन से वृद्धजनों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचा है और इन्हीं के दम पर हम भारी बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएंगे। विपक्ष के नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है वो केवल धर्म के नाम पर आमजन को भड़का रहे हैं। गहलोत बुधवार को टोंक के मालपुरा, पाली के सोजत, जोधपुर के पीपाड़ शहर में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 में 3 करोड़ 32 लाख लोगों ने अपने सुझाव दिए। यह विजन डॉक्यूमेंट आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। गहलोत ने कहा कि दिल्ली से आने वाले भाजपा के बड़े नेता अपने पद की गरिमा के विरुद्ध बयानबाजी करते हैं। उन्हें राजस्थान की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास पर बहस करने की चुनौती देता हूं।

**कल्याणकारी**

**दिल्ली से आने वाले भाजपा के बड़े नेता अपने पद की गरिमा के विरुद्ध बयानबाजी करते हैं**



पंजाब में किसानों द्वारा दिए जा रहे धरने को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्सपर पोस्ट साझा कर किसान तमाम यूनियनों से कहा है कि हर बात के लिए धरना न दें। उन्होंने कहा है कि आप ऐसा कर के आम लोगों को अपने खिलाफ न करें।

## भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्तिर बनाना है: आरिफ

**टीम एक्शन इंडिया/जौनपुर**
**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य ही शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। उक्त बातें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को जौनपुर डाक बंगले में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भारत का पुनः गौरव स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति में भारत के सांस्कृतिक इतिहास, वैज्ञानिक उनवेष (नवाचार) इत्यादि आयामों पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन ही अधूरा रहता है।

## कहीं आप डोल आश्रम की फर्जी वेबसाइट पर तो नहीं कर रहे बुकिंग

**अल्मोड़ा:** सावधान! अगर इंटरनेट मीडिया में किसी वेबसाइट पर लमगड़ा स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र डोल आश्रम के नाम पर किसी भी प्रकार की बुकिंग आदि के लिए रुपये की मांग की जा रही हो तो सतर्क हो जाएं। ठग इन दिनों डोल आश्रम की फर्जी तरीके से वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं से हजारों रुपये की ठगी कर रहे हैं। डोल आश्रम के प्रबंधक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## बिहार में सरकारी कर्मचारी की बल्ले-बल्ले!

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**नीतीश** कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने महंगाई भत्ते को 4 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया है। कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब राज्य सरकार के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत की जगह 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। वित्त विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 7वीं केन्द्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन/पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों/पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को दिनांक- 01.07.2023 के प्रभाव से 42% के स्थान पर 46% महंगाई भत्ता मिलेगा। बता दें कि नीतीश कैबिनेट के इस फैसले से करीब 5 लाख सरकारी सेवक और छह लाख पेंशनरों को फायदा होगा।



**बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए प्रस्ताव पास:**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, "जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाए गए हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रुपये तक की राशि किश्तों में उपलब्ध कराई जाएगी।

**सौगात**

**राज्यकर्मियों / पेंशनभोगियों को बिहार कैबिनेट की सौगात, महंगाई भत्ता में 4% की बढोतरी**

## रामेश्वर धाम में कल होगा महागंगा आरती का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/आरा**
**पिथौरागढ़** जिला मुख्यालय से 36 किलोमीटर दूर रामेश्वर घाट सरयू और रामगंगा नदी का संगम स्थल है। सरयू नदी का उद्गम बागेश्वर जनपद में और रामगंगा का उद्गम पिथौरागढ़ जनपद में होता है। दोनों नदियां पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और चंपावत जनपद की सीमा पर स्थित रामेश्वर में मिलती हैं। यहां से पंचेश्वर में काली नदी में समाहित होने तक इसे सरयू नाम से ही जाना जाता है। इसके बाद नदी शारदा के रूप में पहचानी जाती है।

**रामेश्वर का है पौराणिक महत्व**
संगम स्थल रामेश्वर का पौराणिक महत्व है। तीनों जिलों के लोग इसे मानस खंड माला परियोजना में शामिल किये जाने की मांग उठा रहे हैं। ग्रामीण संघर्ष समिति गुरना ने इस वर्ष 23 जून को तुलसी एकादशी पर रामेश्वर में महागंगा आरती आयोजन का निर्णय लिया है। समिति के अध्यक्ष राजेंद भट्ट ने बताया कि मंदिर कमेटी के सहयोग से आयोजित किये जाने वाले इस कार्यक्रम में सायं पांच बजे तीनों जनपदों के लोग 1100 दीये जलायेंगे।

## बिहार: हजारों शिक्षकों को शोकॉज नोटिस भेजे गए

**टीम एक्शन इंडिया/आरा**
**भोजपुर** जिले में ई-शिक्षा कोष पर अपनी-अपनी प्रोफाइल अपडेट नहीं करने वाले शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। इनकी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिले में पहली बार एक साथ 2186 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, एक सप्ताह में 30 नवंबर तक प्रोफाइल अपडेट करने का कड़ा निर्देश दिया है। इसके बाद भी प्रोफाइल अपडेट नहीं होने पर बचे हुए शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई के साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।



मालूम हो कि इसी प्रोफाइल के जरिए शिक्षकों के संबंध में पूरी अपडेट जानकारी विभाग को रहती है और सभी प्रकार की विभागीय वेतन समेत अन्य लाभों को दिया जाता है। विगत दो माह से इस मामले में शिक्षकों के द्वारा लापरवाही किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जिले में कुल 2140 स्कूलों में से 2011 स्कूलों के शिक्षकों ने अपनी सभी प्रकार की जानकारी को ई-शिक्षा कोष पर अपलोड कर दिया है। इसमें से 129 स्कूलों के शिक्षकों का अपलोड करना बाकी रह गया है।

**एक्शन में केके**

**इनसे पूछा गया है कि अभी तक इन्होंने ई-शिक्षा कोष पर अपना प्रोफाइल अपडेट क्यों नहीं किया**

## सरकारी तंत्र में बैठे आतंकियों के चार समर्थकों को किया सेवामुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**आतंकियों** और उनके पारिस्थितिक तंत्र के समूल नाश के अभियान को जारी रखते हुए प्रदेश प्रशासन ने सरकारी तंत्र में छिपे चार सफेदपोश आतंकियों को सेवामुक्त कर दिया है। इनमें स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफेसर डा निसार उल हसन के अलावा एक पुलिस कांस्टेबल, एक अध्यापक और एक लैब सहायक शामिल है। इसके साथ ही बीते तीन वर्ष के दौरान आतंकियों व अलगाववादियों के साथ संबंधों के चलते सेवामुक्त हुए कर्मचारियों व अधिकारियों की संख्या लगभग 60 हो गई है।

**एलजी सिन्हा आतंकियों और अलगाववादियों के खिलाफ सख्त:** आतंकियों और अलगाववादियों का समर्थन करने, सरकारी तंत्र में रहकर राष्ट्रविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने में लिप्त तत्वों के खिलाफ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश प्रशासन ने सख्त रवैया अपना रखा है। जम्मू कश्मीर पुलिस सीआइडी और अन्य खुफिया एजेंसियों की मदद से प्रदेश प्रशासन उन सभी अधिकारियों व कर्मियों को चिह्नित कर रहा है जो प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से आतंकी व अलगाववादियों का साथ देते रहे हैं। ऐसे किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचाारी के खिलाफ कार्रवाई से पूर्व सभी आवश्यक तथ्य जुटाए जाते हैं। संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत सेवा से मुक्त करने का देता अधिकार इसके बाद संविधान प्रदेश प्रशासन द्वारा गठित एक स्क्रीनिंग कमेटी और टेरर मानिटरिंग ग्रुप संबधित मामले की समीक्षा करती है।

**सख्ती**

**सहायक प्रोफेसर के अलावा एक पुलिस कांस्टेबल, एक अध्यापक और एक लैब सहायक शामिल है**

**तैयारी** श्रमिकों के बाहर निकलने की उम्मीद के साथ स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारी पूरी कर ली

## रेस्क्यू: अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग, छुट्टियां हुई रद्द, एयरलिफ्ट की भी है तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**सिलक्यारा** में बचाव अभियान में आई तेजी के साथ ही सुरंग में फंसे श्रमिकों के बाहर निकलने की उम्मीद के साथ स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। महानिदेशक चिकित्सा डा. विनिता शाह ने सिलक्यारा में बनाए गए छह बेड के अस्थायी अस्पताल समेत आसपास के सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही डा. विनिता शाह ने अग्रिम आदेशों तक उत्तरकाशी जनपद में सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। जो चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी छुट्टी पर थे, उनकी छुट्टी रद्द करते हुए उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही घटनास्थल पर एंबुलेंस खड़ी कर दी गई हैं। सुरंग में गत 12 नवंबर की सुबह से फंसे 41 श्रमिकों के स्वास्थ्य का हाल जानने और उन तक आवश्यक दवा पहुंचाने के लिए चिकित्सकों की एक टीम पहले ही दिन से सिलक्यारा में तैनात है। सिलक्यारा में छह बेड का अस्थायी अस्पताल भी बनाया गया है। यहां की जिम्मेदारी जनरल फिजिशियन डा. प्रेम पोखरियाल को सौंपी गई है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक डा. विनिता शाह ने गढ़वाल मंडल स्वास्थ्य निदेशक डा. प्रवीण कुमार, निदेशक डा. केके टम्टा व सहायक निदेशक डा. विमलेश जोशी के साथ सिलक्यारा का भ्रमण किया।



**श्रमिकों के स्वास्थ्य की जानकारी से रहे डॉक्टर:**
महानिदेशक सुरंग में उस स्थल तक भी पहुंचीं, जहां से चिकित्सक सुरंग में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं।

**निरीक्षण**

**अस्थायी अस्पताल समेत आसपास के सभी अस्पतालों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया**

## चंडीगढ़: स्कूल के पास गैस पाइप लाइन लीक होने से मचा हड़कंप

**चंडीगढ़:** सेक्टर 40 में सर्वहितकारी स्कूल के पास नेचुरल गैस पाइप लाइन लीक हो रही थी, जिस पर पर काबू पा लिया गया है। कई घंटे की मशक्कत के बाद उसे ठीक किया गया। बता दें कि केवल लाइन डालने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन लीक हो गई थी। गैस लीक होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। पास स्कूल होने से मुश्किलें और बढ़ गई थी। स्कूल के बच्चों को खुले ग्राउंड में बिठाया गया था। इसके बाद स्कूल की छुट्टी कर दी गई। इंडियन ऑयल अदाणी गैस कंपनी, घरों में पाइप से गैस सप्लाई कर रही है। खुदाई के दौरान पहले भी कई बार गैस पाइप क्षतिग्रस्त होने से गैस लीक हुई है।